## खबर संक्षेप

### बरतराई में फंदे में झूली महिला

उमरिया। कोतवाली थाना अंतर्गत ग्राम बरतराई में 28 वर्षीय महिला ने फंदे में झूलकर अपनी जान दे दी है, खबर है कि महिला ने ये आत्मघाती कदम दोपहर 12 बजे के करीब लिया है। स्थानीय लोगो की माने तो इस आत्मघाती कदम में अनूपा पति मनीष तिवारी उम्र 28 वर्ष की मौत हुई है। घटना के बाद परिजनों सहित दो मासूम बेटे सार्थक और सीबी का रो-रोकर बुरा हाल है, वहीं इस खबर से पूरा गांव शोक-संतप्त है। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### शासकीय सेवकों को दिलाई गई सद्भावना दिवस की शपथ

शहडोल। सद्भावना दिवस के अवसर पर संयुक्त कलेक्ट्रेट परिसर, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय, जिला आबकारी कार्यालय, डाइट शहडोल, सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित शहडोल सहित अन्य शासकीय कार्यालयों के शासकीय सेवको को सामूहिक रूप से सद्भावना दिवस की शपथ दिलाई गई। सद्भावना शपथ में - मैं प्रतिज्ञा करता/करती हूं कि मैं जाति, सम्प्रदाय, क्षेत्र, धर्म, अथवा भाषा का भेदभाव किए बिना सभी भारतवासियों की भावनात्मक एकता और सद्भावना के लिए कार्य करूंगा/करूंगी। मैं पुनः प्रतिज्ञा करता/करती हूं कि मैं हिंसा का सहारा लिए बिना सभी प्रकार के मतभेद, बातचीत और संवैधानिक माध्यमों से सुलझाउंगा/सुलझाउंगी।

### आज होगा स्वर्ण प्राशन संस्कार का आयोजन

शहडोल। जिला आयुष अधिकारी डॉ. शशि प्रभा पाण्डेय ने जानकारी दी है कि प्रति माह की तरह इस माह भी पुष्य नक्षत्र में आयुष विभाग द्वारा जिला आयुर्वेद चिकित्सालय शहडोल (म0प्र0) में 21 अगस्त 2025 को प्रातः 10 बजे से 5 बजे तक स्वर्णप्राशन संस्कार का आयोजन कर 0 से 16 वर्ष तक के बच्चों को चिकित्सकों की देखरेख में स्वर्ण भस्म युक्त औषधि का सेवन कराया जाएगा।

### पर्यावरण संरक्षण के लिए मिट्टी से बने गणेश प्रतिमा को करें विराजित



शहडोल। जिले में गणेश चतुर्थी के अवसर पर घर-घर भगवान गणेश जी की प्रतिमाए पारंपरिक तरीको से स्थापित की जाती है। गणेश उत्सव बड़े धूमधाम एवं भक्तिमय के साथ मनाया जाता है। जिले में पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने और नागरिकों को प्लास्टर ऑफ पेरिस से निर्मित प्रतिमाओं के दुष्प्रभावों से जागरूक करने के उद्देश्य से मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा माटी गणेश, सिद्ध गणेश अभियान चलाया जा रहा है। इसके अंतर्गत शहडोल जिले में जन अभियान के सदस्यो द्वारा नागरिकों को मिट्टी से गणेश प्रतिमा बनाने का प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है।

माटी गणेश, सिद्ध गणेश अभियान के तहत जनपद पंचायत बुढार के सभागार में लोगो को मिटटी से गणेश प्रतिमा बनाने का प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर सदस्य जिला योजना समिति श्रीमती अमिता चपरा ने कहा कि मिट्टी की प्रतिमाएँ पानी में घुलकर पर्यावरण को किसी भी प्रकार की हानि नहीं पहुँचातीं, जल और भूमि को शुद्ध बनाए रखने में सहायक होती हैं, आगामी गणेशोत्सव को पूरे उत्साह, उमंग के साथ मनाएं। उन्होंने कहा कि पर्यावरण के संरक्षण एव सवंर्धन के लिए मिट्टी से बने गणेश जी की प्रतिमाओ को विराजित करे। जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक विवेक पाण्डेय ने कहा कि माटी गणेश सिद्ध गणेश अभियान चलाकर नागरिको को मिट्टी के गणेश जी की प्रतिमा बनाने का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि नागरिक पर्यावरण संरक्षण हेतु मिट्टी के गणेश का निर्माण कर लोगों को जागरूक करे एवं लोग अपने घरों में और आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में मिट्टी से बनीं गणेश की जी की प्रतिमा का निर्माण कर स्थापित करें। उन्होंने कहा कि गणेश उत्सव पर माटी से बने गणेश ही घर लाएँ और पर्यावरण संरक्षण में अपनी जिम्मेदारी निभाएँ।

## सत्य की हुई जीत: दुष्प्रचारकों को लगी लताड़

# राष्ट्रीय राजमार्ग 43 मुआवजा प्रकरण में हाईकोर्ट का बड़ा फैसला

उमरिया।



जिले में वर्षों से विवाद और दुष्प्रचार की भेंट चढ़ा राष्ट्रीय राजमार्ग-43 मुआवजा प्रकरण आखिरकार अपने अंजाम तक पहुंच गया। मध्य प्रदेश हाईकोर्ट ने इस मामले पर अपना अंतिम निर्णय सुनाते हुए न केवल याचिकाकर्ताओं को राहत दी बल्कि प्रतिवादी अधिकारी की ओर से भौतिक तथ्यों को दबाने और अधूरी जानकारी प्रस्तुत करने के लिए उस पर 10,000 रुपये का व्यक्तिगत जुर्माना भी लगाया। अदालत ने अपने आदेश में सख्त टिप्पणी करते हुए कहा कि अदालतों के समक्ष तथ्य छिपाना न्यायिक प्रक्रिया में बाधा डालने जैसा है और यह अस्वीकार्य है।

### हाईकोर्ट की सख्त टिप्पणी

माननीय हाईकोर्ट ने अपने फैसले में सर्वोच्च न्यायालय के कई आदेशों का हवाला देते हुए कहा कि भारतीय समाज ने सदियों से सत्य और अहिंसा जैसे मूल्यों को संजोया है। भगवान महावीर, गौतम बुद्ध और महात्मा गांधी ने इन मूल्यों को जनजीवन में उतारने का संदेश दिया। अदालत ने कहा कि स्वतंत्रता पूर्व काल में लोग परिणामों की परवाह किए बिना न्यायालय में सच बोलने को गर्व समझते थे, लेकिन आजादी के बाद के दौर में मूल्य व्यवस्था कमजोर हुई और भौतिकवाद ने लोगों को व्यक्तिगत लाभ की चाह में झूठ और तथ्यों के दमन की राह पर धकेल दिया। न्यायालय ने स्पष्ट किया कि किसी भी भौतिक तथ्य को दबाना न्याय प्रक्रिया में बाधा डालना है। यदि तथ्य छिपाए जाते हैं या तोड़े-मरोड़े जाते हैं, तो न्यायालय अपना काम ही नहीं कर सकता। मौजूदा मामले में प्रतिवादी अधिकारी द्वारा भौतिक तथ्य दबाए जाने को गंभीर माना गया और अदालत ने उस पर 10 हजार रुपये का जुर्माना लगाया, जिसे अधिकारी को व्यक्तिगत रूप से वहन करना होगा।

### पूरा मामला क्या था

यह मामला विनोद आहूजा, पूजा आहूजा एवं अन्य बनाम मध्य प्रदेश शासन से जुड़ा है। याचिकाकर्ताओं के खिलाफ विकास सचदेव द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग 43 पर अधिग्रहित भूमि के मुआवजे में अनियमितता के आरोप लगाते हुए लगातार शिकायतें की गईं। पूर्व में भी इस मामले की जाँच शहडोल संभागायुक्त और आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ (ईओडब्ल्यू) जैसी एजेंसियों ने की थी, जिसमें आरोप निराधार पाए गए थे। बावजूद इसके कलेक्टर उमरिया को की गई शिकायत पर एक नई जाँच समिति गठित की गई। याचिकाकर्ताओं ने इस जाँच को चुनौती देते हुए माननीय हाईकोर्ट की शरण ली। मामले की सुनवाई के दौरान जाँच समिति ने अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत कर दी, जिसमें यह स्पष्ट कर दिया गया कि विनोद आहूजा, पूजा आहूजा एवं अन्य पर लगाए गए आरोप पूरी तरह निराधार हैं। हाईकोर्ट ने इस रिपोर्ट को रिकॉर्ड पर लिया और याचिकाकर्ताओं को संपूर्ण रूप से राहत प्रदान की।

### झूठे आरोपों और दुष्प्रचार की पोल खुली

इस प्रकरण ने जिले की राजनीति और सामाजिक माहौल में वर्षों तक हलचल मचाई। याचिकाकर्ताओं के खिलाफ सोशल मीडिया और कई अखबारों में लगातार दुष्प्रचार किया गया। छवि धूमिल करने और सामाजिक प्रतिष्ठा को ठेस पहुंचाने की नीयत से झूठे समाचार और टिप्पणियाँ प्रसारित की गईं। अब जबकि माननीय हाईकोर्ट ने यह स्पष्ट कर दिया है कि सभी आरोप निराधार और असत्य थे, ऐसे में दुष्प्रचार करने वालों पर बड़ा सवाल खड़ा हो गया है। याचिकाकर्ताओं ने इस संदर्भ में मानहानि और दुष्प्रचार से जुड़े दो अलग-अलग प्रकरण पहले ही न्यायालय के समक्ष दायर कर रखे हैं। हाईकोर्ट से मिले न्याय के बाद इन मामलों में भी न्याय की उम्मीद और मजबूत हो गई है।

### न्यायपालिका ने दिया स्पष्ट संदेश

इस फैसले ने न केवल याचिकाकर्ताओं को राहत दी है बल्कि उन लोगों के लिए भी स्पष्ट संदेश दिया है जो व्यक्तिगत स्वार्थ या राजनीतिक फायदे के लिए न्यायालय में झूठे आरोप और दावे लेकर पहुँचते हैं। हाईकोर्ट ने कहा कि ऐसे प्रयास न्यायिक प्रक्रिया को कमजोर करते हैं और अदालतें इसे बर्दाश्त नहीं करेंगी। जिले में इस फैसले के बाद यह चर्चा है कि अब बेबुनियाद आरोप लगाने और झूठे दुष्प्रचार करने वालों की जवाबदेही तय होगी। साथ ही, यह निर्णय उन निर्दोष लोगों के लिए भी बड़ी राहत है जो वर्षों तक झूठे मामलों में उलझकर अपनी प्रतिष्ठा और मानसिक शांति खो बैठते हैं।

## विकलांग युवक से झाड़ फूंक के नाम पर ठगी

शहडोल। जिले के गोहपारू थाना क्षेत्र में अंधविश्वास के नाम पर ठगी का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। यहां एक विकलांग युवक को बंटी-बबली गिरोह ने झाडफ़ूंक और चमत्कारी इलाज का झांसा देकर न केवल आर्थिक रूप से लूटा, बल्कि उसे मानसिक पीड़ा भी दी। सबसे चौंकाने वाली बात यह रही कि शिकायत के बावजूद पुलिस ने महीनों तक मामले को गंभीरता से नहीं लिया और आखिरकार जब पीड़ित सीधे एसपी दफ्तर पहुंचा, तब जाकर मामला दर्ज हुआ।

मामला गोहपारू थाना क्षेत्र के बरेली गांव का है। यहां के रहने वाले विकलांग महेंद्र सिंह बीते 27 तारीख को अपने पिता का इलाज कराने शहडोल के कुशाभाऊ ठाकरे जिला अस्पताल पहुंचे थे। इलाज के दौरान उसकी मुलाकात दो महिलाओं और एक पुरुष से हुई। आरोपियों ने महेंद्र को लालच दिया कि झाडफ़ूंक और विशेष प्रक्रिया से वे उसकी विकलांगता को पूरी तरह दूर कर देंगे। सरल ग्रामीण मानसिकता और विकलांगता से छुटकारा पाने की चाहत में महेंद्र उनके बहकावे में आ गया। गिरोह ने उससे 35 हजार रुपये नगद, एक काला बकरा, करीब 60 किलो चना, एक कंबल और शराब की बोतल तक ले ली। आरोपियों ने वादा किया कि इन सामग्रियों से उसका इलाज संभव है। लेकिन ठगों ने पैसा और सामान लेने के बाद संपर्क तोड़ दिया। कई दिनों तक फोन लगाने और इंतजार करने के बाद जब कोई जवाब नहीं मिला, तो महेंद्र को ठगी का एहसास हुआ। इसके बाद पीड़ित गोहपारू थाने पहुंचा, लेकिन आरोप है कि पुलिस ने उसकी शिकायत पर ध्यान नहीं दिया और लगातार टरकाती रही। मजबूर होकर महेंद्र 40 किलोमीटर का सफर तय कर जिला मुख्यालय पहुंचा और एसपी रामजी श्रीवास्तव को पूरी आपबीती सुनाई। एसपी ने तुरंत जांच के आदेश दिए। इसके बाद करीब दो माह की जद्दोजहद के बाद गोहपारू पुलिस ने दो महिलाओं और एक पुरुष के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया। एसपी रामजी श्रीवास्तव का कहना है कि ग्रामीण के साथ ठगी हुई थी। मामले में एफआईआर दर्ज कर ली गई है और पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी है। जल्द ही गिरोह को गिरफ्तार किया जाएगा। यह मामला पुलिस की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े करता है। ग्रामीणों का आरोप है कि गोहपारू पुलिस अक्सर गंभीर शिकायतों पर ध्यान नहीं देती, जिससे अपराधियों के हौसले बढ़ते हैं। वहीं, अंधविश्वास और झाडफ़ूंक के नाम पर ठगी की यह घटना समाज के लिए भी चेतावनी है कि ऐसे झांसे में न आएं और ठगों से सावधान रहें।

## एबीवीपी कार्यकर्ताओं पर दर्ज फर्जी एफआईआर की निष्पक्ष जांच की मांग

# प्रतिनिधिमंडल ने आईजी को सौंपा ज्ञापन



शहडोल। इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय (आईजीएनटीयू) में स्वतंत्रता दिवस के दौरान हुए विवाद को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) ने पुलिस महानिरीक्षक शहडोल संभाग को ज्ञापन सौंपा है। एबीवीपी का आरोप है कि शांतिपूर्ण आंदोलन के बावजूद विश्वविद्यालय प्रशासन और कुछ प्रोफेसरों की साज़िश से संगठन के कार्यकर्ताओं पर फर्जी एफआईआर दर्ज कर दी गई है।

एबीवीपी जिला संयोजक प्रणव मिश्रा ने आईजी को सौंपे पत्र में कहा कि 14 और 15 अगस्त को परिषद ने विश्वविद्यालय परिसर में धरना-प्रदर्शन और ज्ञापन कार्यक्रम किया था। यह प्रदर्शन पूरी तरह शांतिपूर्ण रहा, लेकिन स्वतंत्रता दिवस समारोह के दौरान कुछ संदिग्ध शोधार्थियों और असामाजिक तत्वों ने संगठन मंत्री व कार्यकर्ताओं पर हमला कर मारपीट की।

परिषद का आरोप है कि इस घटना के पीछे विश्वविद्यालय के प्रोफेसर भूमिनाथ त्रिपाठी, विकास सिंह, संतोष कुमार सोनकर और तरुण ठाकुर की भूमिका संदिग्ध है। एबीवीपी का कहना है कि सीसीटीवी फुटेज और वीडियो प्रमाण इस बात को साबित करते हैं कि उपद्रव कार्यकर्ताओं द्वारा नहीं, बल्कि बाहर से आए लोगों द्वारा किया गया।

विशेषकर, 15 अगस्त के मंच से प्रो. भूमिनाथ त्रिपाठी का दिया गया भाषण एबीवीपी के अनुसार भडक़ाऊ था। परिषद ने आरोप लगाया कि उन्होंने उन असामाजिक तत्वों का महिमामंडन किया, जिन्होंने संगठन के कार्यकर्ताओं पर हमला किया था।

एबीवीपी ने आईजी से मांग की है कि एबीवीपी कार्यकर्ताओं पर दर्ज फर्जी एफआईआर तत्काल निरस्त की जाए। मारपीट और उपद्रव में शामिल संदिग्ध प्रोफेसरों और छात्रों पर निष्पक्ष जांच कर कठोर कार्रवाई हो। दोषियों पर गंभीर धाराओं में प्रकरण दर्ज किए जाएं। परिषद ने कहा कि 14 अगस्त की रात से ही उन्हें सूचना मिल रही थी कि कुछ उपद्रवी तत्व हमले की तैयारी कर रहे हैं, लेकिन इसके बावजूद न तो प्रशासन ने रोकथाम की और न ही पुलिस ने कोई कदम उठाया। एबीवीपी का आरोप है कि यह पूरा घटनाक्रम आंदोलन को बदनाम करने और संगठन को दबाने की सोची-समझी साज़िश का हिस्सा है। परिषद ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं हुई, तो एबीवीपी आंदोलन को और तेज करेगी।

# पेंशन हितग्राहियों के 31 अगस्त तक कराएं समग्र पोर्टल पर आधार ई-केवाईसी: कलेक्टर



शहडोल। कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने जिले के समस्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारियो को निर्देश दिए है कि सामाजिक न्याय विभाग अन्तर्गत संचालित विभिन्न पेंशन योजनाओं यथा इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था, विधवा, दिव्यांग पेंशन, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, कन्या अभिभावक पेंशन, मन्दबुद्धि / बहुविकलांग पेंशन का संचालन एन.आई.सी. द्वारा विकसित सामाजिक सुरक्षा पेंशन पोर्टल पर किया जा रहा है, जिसका प्रतिमाह पेंशन भुगतान निकाय द्वारा स्वीकृत किए गए पेंशन प्रपोजल के आधार पर राज्य स्तर से सीधे संबंधित हितग्राही के खाते में किया जाता है। केवल पात्र पेंशन हितग्राही को ही पेंशन का भुगतान हो, यह सुनिश्चित करने हेतु पेंशन हितग्राहियों का समग्र पोर्टल पर आधार ई-केवायसी किया जाना आवश्यक है। उन्होंने निर्देश दिए कि समस्त पेंशन हितग्राहियों का समग्र पोर्टल पर आधार ई-केवायसी 31 अगस्त 2025 तक समस्त ग्राम पंचायतो एवं नगरीय निकायो में अभियान चलाकर शत-प्रतिशत पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

### जिला चिकित्सालय में हुआ फायर डेमोंस्ट्रेशन



शहडोल। संभागीय मुख्यालय के जिला चिकित्सालय परिसर में अग्नि दुर्घटनाओ को रोकने के लिए फायर डेमोसट्रेशन किया गया। जिसमें अग्निशमन विभाग के फायर प्रभारी श्री मो. इसराईल खान द्वारा अग्निशमन यंत्रो के संचालन एवं संधारण की विस्तृत जानकारियो से अवगत कराया गया। इस अवसर पर सिविल सर्जन डॉ. षिल्पी सराफ, सहित जिला अस्पताल के चिकित्सक, नर्स व सुरक्षाकर्मी उपस्थित रहें।

## नौरोज़ाबाद फायरिंग कांड

# दो आरोपी गिरफ्तार, कट्टा बरामद, दो अब भी फरार

उमरिया। नशे के अवैध कारोबार से जुड़ी सनसनीखेज नोरोज़ाबाद फायरिंग कांड में पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। थाना प्रभारी बालेन्द्र शर्मा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने प्रिंस गुप्ता को गिरफ्तार कर उसके पास से कट्टा बरामद किया है। इसके साथ ही आरोपी प्रतीक जावरे पाली और तनमय गुप्ता नोरोज़ाबाद को भी पुलिस ने दबोच लिया है। हालांकि इस प्रकरण के दो मुख्य आरोपी कृष्णा गुप्ता और बाबू छतरी अब भी पुलिस की गिरफ्त से बाहर हैं।

### 13 जुलाई की वारदात

गौरतलब है कि 13 जुलाई को आरोपी प्रिंस गुप्ता और उसके भाई कृष्णा गुप्ता ने कालरी कर्मी के पुत्र प्रकाश उर्फ गुड्डन तिवारी उम्र 27 वर्ष पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी थी। इस हमले में प्रकाश गंभीर रूप से घायल हो गया था। डॉक्टरों ने उसके पैर से गोली निकाल दी है, लेकिन हाथ और गले में फंसी गोलियां ऑपरेशन करना जोखिमपूर्ण होने के कारण अब भी शरीर में मौजूद हैं। फिलहाल पीड़ित अपने गृह ग्राम भमरहा, मानपुर में स्वास्थ्य लाभ ले रहा है।

### नशे के कारोबार से जुड़ा मामला

पुलिस जांच में खुलासा हुआ है कि यह फायरिंग नशे के अवैध कारोबार से जुड़ी आपसी रंजिश का नतीजा थी। पिस्टल की व्यवस्था पाली निवासी बाबू छतरी ने की थी, कारतूस प्रतीक जावरे ने उपलब्ध कराए थे, जबकि तनमय गुप्ता ने घटनास्थल की रेकी की थी। हमले में प्रयुक्त पल्सर बाइक पुलिस ने जब्त कर ली है, लेकिन घटना में इस्तेमाल पिस्टल अब तक बरामद नहीं हो सका है।

### इनामी आरोपी की गिरफ्तारी

इस मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी निवेदिता नायडू ने आरोपियों की गिरफ्तारी पर इनाम घोषित किया था। पुलिस ने अब तक तीन आरोपियों को पकड़ लिया है और प्रिंस गुप्ता पर धारा 25, 27 आम्र्स एक्ट दर्ज कर न्यायालय में पेश करने की तैयारी की जा रही है। पुलिस का दावा है कि फरार आरोपी कृष्णा गुप्ता और बाबू छतरी को भी शीघ्र गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# कांग्रेस द्वारा मनाई गई भारत रत्न राजीव गांधी की जयंती



शहडोल। जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा नव-नियुक्त जिलाध्यक्ष अजय अवस्थी के नेतृत्व में भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी की जयंती श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत राजीव गांधी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन से हुई। जिलाध्यक्ष अजय अवस्थी ने कहा कि कुछ लोग जमीन पर राज करते हैं और कुछ लोग दिलों पर। राजीव गांधी ऐसी शख्सियत थे, जिन्होंने दोनों पर ही हुकूमत की। उन्होंने उन्नीसवीं सदी में इक्कीसवीं सदी के भारत का सपना देखा और उसे साकार करने के लिए कार्य किया। संचार और कंप्यूटर क्रांति, शिक्षा का प्रसार, 18 वर्ष के युवाओं को मताधिकार तथा पंचायती राज व्यवस्था को मजबूत करने जैसे कदम उन्हीं की देन हैं।

पूर्व जिलाध्यक्ष राकेश कटारे ने कहा कि राजीव गांधी कंप्यूटर क्रांति के जनक के रूप में याद किए जाते हैं। मोबाइल और सूचना तकनीक का यह युग उन्हीं की दूरदर्शी नीतियों की देन है। पूर्व जिलाध्यक्ष नीरज द्विवेदी एवं पूर्व नगरपालिका उपाध्यक्ष कुलदीप निगम ने उन्हें भारत का महान सपूत बताते हुए कहा कि उन्होंने देश को 21वीं सदी की चुनौतियों के लिए तैयार किया। इस अवसर पर शिक्षक प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष राम नरेश तिवारी, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष नरेन्द्र मरावी, जनपद सदस्य विक्रम सिंह, वरिष्ठ कांग्रेसी दिनेश अग्रवाल, एडवोकेट अनुज मिश्रा एवं अन्य नेताओं ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ कांग्रेसजनों ने जिलाध्यक्ष अजय अवस्थी का माल्यार्पण एवं शाल-श्रीफल से सम्मान किया। अजय अवस्थी ने शीर्ष नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे संगठन को मजबूत करने हेतु वरिष्ठ नेताओं के मार्गदर्शन और अनुभव का लाभ उठाकर कांग्रेस को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाने का प्रयास करेंगे।

इस अवसर पर बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे, जिनमें प्रमुख रूप से अजय अवस्थी, राकेश कटारे, नीरज द्विवेदी, रविंद्र तिवारी, कुलदीप निगम, प्रभात पाण्डेय, पियूष शुक्ला, अनुज मिश्रा, राजीव शर्मा, आशीष तिवारी, सौरभ तिवारी, अनूप सिंह, अभिषेक द्विवेदी, हरिमोहन तिवारी, संजय पटेल, रवि शेखर राव, प्रीतम दास सोनी, जयकरण सिंह, दलप्रताप सिंह, विवेक तिवारी, इकबाल अली, गोविंद साहू, रमेश अग्रवाल, शरद प्रकाश तिवारी, फूल सिंह, अजय सनपाल सहित अनेक कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## आदि कर्मयोगी अभियान में अधिकारी, कर्मचारी बने सहभागी: उपायुक्त

# आदि कर्मयोगी अभियान के क्रियान्वयन हेतु तीन दिवसीय प्रशिक्षण प्रारंभ

शहडोल। भारत सरकार के निर्देशानुसार जिले के चिन्हित ग्रामों में आदि कर्मयोगी अभियान के क्रियान्वयन के लिए संभागीय मुख्यालय के त्रिदेव होटल में तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ उपायुक्त जनजातीय कार्य विभाग जे.पी.यादव, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सौम्या आनंद, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अरविंद शाह एवं सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग आनंद राय सिंहा ने भगवान बिरसा मुंडा के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया।





प्रशिक्षण कार्यक्रम को सम्बोंधित करते हुए उपायुक्त जनजातीय कार्य विभाग जे.पी. यादव ने कहा कि आदि कर्मयोगी अभियान का उददेश्य जिले के जनजातीय समुदाय के लोगो को केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओ का लाभ देते हुए सशक्त और आत्मनिर्भर बनाना है। उन्होंने कहा कि आदि कर्मयोगी अभियान में जिले के अधिकारी, कर्मचारी, स्वयसेवी संस्थान के लोग बढ़ चढकर सहभागिता निभाते हुए जनजातीय समुदाय के लोगो को सशक्त बनाने का कार्य करें। उन्होंने कहा कि जिले के अंतिम छोर के हर पात्र व्यक्ति को योजनाओ का लाभ दिलाना तथा उनके सामाजिक एवं आर्थिक विकास में सकारात्मक परिवर्तन लाना ही अभियान का उददेश्य है। जनजातीय कार्य विभाग द्वारा यह पहल ग्राम स्तर पर योजनाओं और सेवाओं की बेहतर पहुँच, जवाबदेही और नवाचार सुनिश्चित करने के लिए शुरू की गई है, शासन द्वारा जनजातियों के लिए चिन्हित सभी योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ दिया जाएगा।

प्रशिक्षण कार्यक्रम को सम्बोंधित करते हुए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सौम्या आनंद ने कहा कि तीन दिवसीय प्रशिक्षण में आदि कर्मयोगी के क्रियान्वयन हेतु हर एक चीजो को बरीकी से सीखते हुए अपने दायित्वो को ईमानदारी के साथ करेंगे। उन्होंने कहा कि जनजातीय समुदाय के लोग शरीरिक रूप से अत्यंत मजबूत होते है, वे विभिन्न खेल गतिविधियो में हमेशा अग्रिण रहते है, जनजातीय समुदाय के लोगो को शिक्षा के लिए प्रेरित करते हुए उन्हें आगे बढाने का कार्य करना है। जनजातीय समुदाय के सर्वांगीण विकास में आदि कर्मयोगी अभियान की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि जनजातीय समुदाय को आगे लाने के लिए उनके रूचि के अनुसार भी कार्य करना होगा जिससे वे हर गतिविधियो में उत्सुकता के साथ सहभागी बन सकें।

प्रशिक्षण कार्यक्रम को सम्बोंधित करते हुए अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अरविंद शाह ने कहा कि आदि कर्मयोगी अभियान में सभी लोगो अपनी सहभागिता निभाते हुए जनजातीय समुदाय के लोगो के आत्म विश्वास पैदा करना है, हमें उनका प्रतिनिधित्व बढाना है। उन्होंने कहा कि जनजातीय समुदाय के लोगो की प्रतिभा को निखारने के लिए आदि कर्मयोगी अभियान के माध्यम से अवसर उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि आदि कर्मयोगी अभियान के तहत निर्धारित बिंदुओ के अलावा भी अन्य बिंदुओ पर भी कार्य करते हुए शहडोल जिला को एक अलग पहचान दिलाने की पहल की आवश्यकता है।

प्रशिक्षण कार्यक्रम को सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग आनंद राय सिन्हा ने पीएम जनमन, धरती आबा एवं आदि कर्मयोगी अभियान के बारे में विस्तृत जानकारियो से भी अवगत कराया। जिला मास्टर ट्रेनर्स डी.सी.मिश्रा द्वारा ब्लाक स्तरीय मास्टर ट्रेनर्सों को आदि कर्मयोगी के क्रियान्वयन हेतु प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मुद्रिका सिंह सहित ब्लाक मास्टर ट्रेनर्स उपस्थित रहें।

# अस्थाई कनेक्शन लेकर ही झांकी-पंडाल की करें सजावट

शहडोल। गणेशोत्सव त्यौहार तथा अन्य त्यौहारों में पंडालों को अस्थायी कनेक्शन देने के लिए विद्युत वितरण कंपनियों ने माकूल प्रबंध किए हैं। कार्यपालन अभियंता विद्युत मंडल शहडोल जन्मेजय सिंह ने धार्मिक उत्सव समितियों और बिजली उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे गणेशोत्सव के दौरान धार्मिक पण्डालों एवं झाँकियों में बिजली साज-सज्जा,नियमानुसार ऑनलाइन अस्थाई कनेक्शन लेकर ही करें।

### अस्थाई कनेक्शन लेने के लिये क्या करें

बिजली कंपनी के ऐप स्मार्ट बिजली पर जाकर निर्धारित प्रपत्र में सही, संयोजित विद्युत भार को दर्शाते हुए अस्थायी कनेक्शन के लिये ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करें। लायसेंसी विद्युत ठेकेदार की टेस्ट रिपोर्ट आवेदन में संलग्न करें एवं वायरिंग इत्यादि लायसेंसधारी विद्युत ठेकेदार से ही करवाएं। आवेदन में दर्शाए अनुसार विद्युत भार के अनुरूप सुरक्षा निधि एवं अनुमानित विद्युत उपभोग की राशि अग्रिम जमा कराकर बिजली कंपनी से अस्थाई कनेक्शन की रसीद अवश्य लें। रसीद की लेमीनेटेड प्रति अनिवार्य रूप से पंडाल/झाँकी के सामने लगाएं। आवेदित विद्युत भार से अधिक भार का उपयोग विद्युत साज-सज्जा के लिए न करें। विद्युत कनेक्शन मीटरीकृत होगा एवं विद्युत देयक की बिलिंग नियमानुसार अस्थायी कनेक्शन के लिये लागू गैर घरेलू दर पर की जाएगी। झांकियों के निर्माण एवं विद्युत साज-सज्जा में सुरक्षा नियमों का अनिवार्य रूप से पालन करें। अनधिकृत तरीके से विद्युत का उपयोग न करें। अधिक जानकारी के लिए टोल फ्री नंबर 1912 पर भी कॉल कर सकते हैं।

**खबर संक्षेप**

### कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने किया ईव्हीएम गोदाम का निरीक्षण



**उमरिया।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धरणेन्द्र कुमार जैन ने कलेक्टर परिसर स्थित ईव्हीएम गोदाम का मासिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होने ईव्हीएम कक्ष, ईव्हीएम की सुरक्षा में लगे सीसी टीव्ही कैमरा कक्ष का अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी रीता डेहरिया, निर्वाचन सुपरवाईजर हरिशंकर झारिया सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

### कल जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक

**उमरिया।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी गणेश उत्सव 27 अगस्त तथा 3 सितंबर को डोल ग्यारस, 6 सितंबर को अनंत चतुर्दशी तथा 5 सितंबर को मिलाद उन नबी का पर्व मनाया जाना है । इस संबंध में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक 22 अगस्त को प्रातः11.30 बजे से कलेक्टर सभागार में आयोजित की गई है। बैठक में सर्व संबंधितों से उपस्थिति की अपेक्षा की गई है ।

### अदम्य खेल अकादमी महुरा द्वारा आयोजित की जाएगी, 7वीं तिरंगा दौड़ प्रतियोगिता

**उमरिया।** अदम्य युवा सेवा समिति के कुशल नेतृत्व में विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी अदम्य खेल अकादमी महुरा द्वारा युवा शक्ति के संग, तिरंगे के रंग थीम के साथ 7वीं तिरंगा दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन 31 अगस्त रविवार को पानी टंकी के पास विंध्या कॉलोनी रोड महुरा में किया गया है। जिसमें प्रथम,द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जाएगा । बालक वर्ग दौड मे 15 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के लिए 1000 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले को 1800?, द्वितीय को 1200? तृतीय को 600 रूपये से पुरस्कृत किया जाएगा । इसी तरह 15 वर्ष से अधिक उम्र वर्ग के बच्चों में 1600 मीटर दौड़ में प्रथम 2700, द्वितीय 1800, तृतीय 1000 रूपये प्रदान किया जाएगा । बालिका वर्ग में 15 वर्ष से कम वर्ग में 600 मीटर दौड़ प्रथम 1400, द्वितीय 900, तृतीय 600 रूपयें का पुरस्कारर प्रदान किया जाएगा । 15 वर्ष से अधिक वर्ग में 1000 मीटर दौड़ में प्रथम 2000, द्वितीय 1300, तृतीय 700 रूपयें का पुरस्का0र प्रदान किया जाएगा । प्रत्येक श्रेणी के विजेताओं को नकद राशि के साथ मेडल, प्रमाण पत्र, टी-शर्ट, ट्रॉफी से पुरुस्कृत किया जाएगा।

## वृद्ध किसान ने जनसुनवाई में किया आत्मदाह का प्रयास

# जमीन का सौदा, 72 लाख रुपये हड़पे

**उमरिया। जिले में जनप्रतिनिधियों के परिजनों पर गंभीर आरोपों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। ताजा मामला करकेली जनपद अध्यक्ष के पति मून सिंह से जुड़ा है, जिन पर एक वृद्ध किसान से जमीन खरीदने के बाद लाखों रुपये हड़पने का आरोप लगा है। इस घोटाले और लगातार मिल रही धमकियों से परेशान होकर पीड़ित किसान ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट परिसर में आत्मदाह का प्रयास किया।**

घटना बड़ेरी गांव निवासी 82 वर्षीय जगन्नाथ शुक्ला से जुड़ी है। वे अपनी फरियाद लेकर मंगलवार को जनसुनवाई में पहुंचे थे। इसी दौरान उन्होंने भीड़ के सामने अपने ऊपर पेट्रोल डाल लिया और आग लगाने का प्रयास किया। मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने उन्हें किसी तरह रोक लिया। हडक़ंप मचते ही पुलिस और प्रशासन के अधिकारी दौड़ पड़े और बड़ी मुश्किल से वृद्ध को शांत कराया गया।

जगन्नाथ शुक्ला ने पत्रकारों और अधिकारियों के सामने खुलकर आरोप लगाए कि 2021 में मून सिंह ने उनकी जमीन 95 लाख रुपये में खरीदी थी। जमीन की रजिस्ट्री तो करा ली गई, लेकिन चार साल गुजरने के बाद भी उन्हें पूरी रकम नहीं मिली। श्री शुक्ला का कहना है कि मून सिंह ने उन्हें अब तक सिर्फ 22 लाख 50 हजार रुपये दिए हैं, जबकि 72 लाख 50 हजार रुपये बकाया हैं। वृद्ध किसान का आरोप है कि जब भी वे बकाया राशि की मांग करते हैं, तो उन्हें



खुलेआम धमकाया जाता है। कभी जान से मारने की, कभी परिवार को झूठे मामलों में फंसाने की और यहां तक कि एससी-एसटी एक्ट लगाने की चेतावनी दी जाती है। श्री शुक्ला का कहना है कि वर्षों से भटकने और न्याय न मिलने की वजह से ही उन्हें आत्मदाह जैसा कदम उठाना पड़ा। घटना के बाद कलेक्ट्रेट परिसर में अफरा-तफरी मच गई। प्रशासनिक अधिकारियों ने तत्काल मामले की गंभीरता को देखते हुए वृद्ध को सुरक्षित उनके घर भेजा।

गांव के कई लोगों का कहना है कि जगन्नाथ शुक्ला वर्षों से अपने पैसे की मांग कर रहे हैं, लेकिन राजनीतिक दबदबे के कारण उनकी आवाज दबाई जा रही थी। वहीं दूसरी ओर कलेक्ट्रेट परिसर में आमजन ने यह सवाल भी उठाया कि आखिर जिला प्रशासन इतने दिनों तक क्यों मौन रहा, जब मामला शुरू से ही गंभीर था। जमीन से जुड़े इस विवाद ने जिले में एक बार फिर पंचायत स्तर पर नेताओं और उनके परिजनों की कार्यशैली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। यह घटना इस बात का सबूत है कि सत्ता और रसूख के सहारे आम नागरिकों को वर्षों तक प्रताड़ित किया जाता है और उन्हें न्याय के लिए आत्महत्या जैसी कोशिश करनी पड़ती है। फिलहाल पुलिस जांच की बात कह रही है, लेकिन यह घटना जिले में कानून-व्यवस्था और प्रशासन की संवेदनशीलता पर गहरे सवाल छोड़ गई है। अब देखना होगा कि वृद्ध किसान को उसका हक मिलेगा या यह मामला भी लंबी फाइलों में दबकर रह जाएगा।

### इनका कहना है...

हमें सूचना मिली थी कि बड़ेरी गांव के एक वृद्ध आत्मदाह करने जा रहे हैं। पुलिस और ग्रामीणों की मदद से उन्हें रोका गया। पीड़ित द्वारा की गई शिकायत पर करकेली निवासी मून सिंह के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं।

**नागेंद्र सिंह**
**एसडीओपी, उमरिया**

# ट्रक से टकराई बाइक, युवक की मौत

**उमरिया।** जिले के पाली थाना अंतर्गत घुनघुटी चौकी के पास मंगलवार देर रात हुए सडक़ हादसे में सिंगल टोला निवासी 32 वर्षीय युवक रवि सोनी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसकी पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल महिला को ग्रामीणों और पुलिस की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उसका उपचार जारी है। जानकारी के अनुसार, रवि सोनी उम्र 32 वर्ष पुत्र विनोद सोनी अपनी पत्नी के साथ बाइक (एमपी 18 एमएस 7627) से शहडोल की ओर जा रहे थे। जैसे ही वे 43 कन्नाबहरा मोड़ के पास पहुंचे, उनकी बाइक सडक़ किनारे खड़े ट्रक (एचआर 55 एए 7401) से जा टकराई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि रवि सोनी ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। उनकी पत्नी बुरी तरह घायल हो गईं और उन्हें तत्काल शहडोल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रेफर किया गया। घुनघुटी चौकी प्रभारी कोमल दीवान ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि मृतक की पत्नी की हालत नाजुक है। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### हादसों का अड्डा बन रहा घुनघुटी मार्ग

स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि घुनघुटी इलाके में यह कोई पहली घटना नहीं है। सडक़ किनारे खड़े ट्रक और भारी वाहनों की तेज हेडलाइटें दुर्घटनाओं की मुख्य वजह बन रही हैं। ढाबों और पेट्रोल पंपों के पास खड़े ट्रक सामने से आ रहे वाहनों को नजर नहीं आने देते। छोटे वाहन चालकों को अंधेरे या हेडलाइट की चकाचौंध में ट्रक समय पर दिखाई नहीं देते और हादसे हो जाते हैं। मंगलवार की दुर्घटना भी इन्हीं कारणों से घटित मानी जा रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि यातायात पुलिस और परिवहन विभाग की लापरवाही के कारण इस मार्ग पर भारी वाहन बेखौफ खड़े किए जाते हैं। इसके चलते आम लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ रही है।

### परिवार में पसरा मातम

रवि सोनी की असमय मौत की खबर सुनते ही सिंगल टोला में मातम छा गया। घर में कोहराम मच गया है और परिजन बदहवास हैं। परिचित और रिश्तेदार हादसे की खबर सुनकर स्तब्ध रह गए। लोग इसे प्रशासनिक लापरवाही का नतीजा बता रहे हैं और भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए ठोस कदम उठाने की मांग कर रहे हैं।

### जिम्मेदारी तय करने की मांग

ग्रामीणों का कहना है कि यदि सडक़ किनारे ट्रकों के अनियंत्रित खड़े होने पर रोक नहीं लगाई गई, तो ऐसे हादसे लगातार होते रहेंगे। उन्होंने जिला प्रशासन और पुलिस से इस मार्ग पर सख्ती से कार्रवाई करने तथा दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने की मांग की है।

## आदि कर्मयोगी अभियान के तहत जिला अधिकारियों का प्रशिक्षण संपन्न



**उमरिया।** आदि कर्मयोगी अभियान के तहत जिला स्तर पर कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन की अध्यक्षता में तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं नोडल अधिकारी आदि कर्मयोगी अभियान अभय सिंह की उपस्थिति में जिला पंचायत के बांधवगढ़ सभागार में जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स द्वारा जिला अधिकारियों का ओरियंटेशन प्रोग्राम किया गया।कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने सभी विभागो को निर्देशित किया कि सभी कर्मचारी निर्धारित समय पर प्रशिक्षण हेतु उपस्थित रहें। साथ ही जिला प्रोसेस गैप को विधिवत संचालित करने के निर्देश दिए गए। उन्होने समस्त जिला अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनजातीय बहुल्य ग्रामों में अपनी-अपनी योजनाओं में सैचुरेशन लाने का हरसंभव प्रयास करें।प्रशिक्षण में सहायक आयुक्त द्वारा आदि कर्मयोगी अभियान की रूपरेखा के बारे में बताया गया। तत्पश्चात मास्टर ट्रेनर्स द्वारा भारत सरकार की मंशा अनुरूप आदि कर्मयोगी अभियान का प्रस्तुतीकरण किया गया। आदि कर्मयोगी अभियान का मुख्य उद्देश्य जनजातीय बहुल्य ग्रामों का सर्वांगीण विकास करना है। जिले में ब्लॉक स्तर के मास्टर ट्रेनर का 3 दिवसीय प्रशिक्षण होटल एमपीटी बांधवगढ़ मंब 21 अगस्त से 23 अगस्त तक किया जाएगा, जिसमें लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, स्वास्थ्य विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, वन विभाग, व जनजातीय कार्य विभाग के कर्मचारी व एनजीओ के सदस्य उपस्थित रहेंगे।ओरिएटेशन कार्यक्रम में सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग डा पूजा व्दिवेदी, अनुविभागीय अधिकारी बांधवगढ़ कमलेश नीरज, मानपुर टी आर नाग,पाली अंबिकेश प्रताप सिंह, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत करकेली, मानपुर, पाली एवं सभी जिला प्रमुख व जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स व एनजीओ के सदस्य उपस्थित रहे।

# प्रबंधन के दोहरे चरित्र से श्रमिकों के साथ हो रहा धोखा



**हरिभूमि न्यूजजमुना/बदरा।** कोल इंडिया की अनुसांगी कंपनी एस ई सी एल के जमुना कोतमा क्षेत्र में प्रबंधन के दोहरे चरित्र और वादा खिलाफी के कारण क्षेत्र के श्रमिकों को अधिकार से वंचित रखा जा रहा है। क्षेत्र का आई आर पूरी तरह से चौपट है। चूंकि आई आर के माध्यम से कामगारों से जुड़े मुद्दों पर विचार विमर्श कर निराकरण कराया जाता है वह सालों से बंद है। क्षेत्र में पदोन्नति की स्थित इतनी खराब है कि मेंन्न पावर बजट आए हुए 8 माह हो गए अभी तक इकाई से लेकर क्षेत्र तक के पदों पर पदोन्नति के नाम पर केवल खाना पूर्ति हुई है अभी भी सभी इकाइयों में इलेक्ट्रीशियन, फिटर पंप ऑपरेटर, ट्रामर, लाइनमैन इएंडटी, सीडीएस, इसी तरह क्षेत्रीय स्तर में माइनिंग सरदार, माइनिंग सरदार से ओवर मैंन, ओवर मेंन सीडीएस में सी से बी, टेलीफोन सुपर वाइजर सी से बी, इलेक्ट्रिक फोरमैन बी से ए ग्रेड, ऑक्जेलरी फोर मैन सी, एवं ऑक्जेलरी फोरमैन सी से बी, असिस्टेंट फोरमैन के लिए कैटेगरी 6 से सी आदि विभागों की पदोन्नति बकाया है। नया मैंन्न पावर बजट आ जाने के बाद प्रबंधन को बहाना मिल जाएगा कि पुराना बजट लैब्स हो गया। अतः संगठन मांग करता है कि क्षेत्र का एवं सभी इकाई स्तर का आई आर व्यवस्थित तरीके से चालू कराया जाय साथ ही इकाई एवं क्षेत्रीय स्तर पर प्रस्तावित मेंन्न पावर बजट के अनुसार एक सप्ताह के अंदर इकाई एवं क्षेत्रीय स्तर के बचे हुए पोस्ट पर पदोन्नति सूची प्रकाशित की जाय संगठन की मांग को प्रबंधन अनसुना करती है तो संगठन को मजबूरन आंदोलन करने के लिए बाध्य होना पड़ेगा जिसकी संपूर्ण जबाव देही कार्मिक विभाग ज को क्षेत्र की होगी। उक्त पूरे मामले की जानकारी श्रीकांत शुक्ला हिंद कोयला मजदूर सभा जमुना कोतमा एचएमएस के अध्यक्ष ने दिया और कहा कि समय रहते अगर कालरी प्रबंधन हमारी मांगों को नहीं मानता है तो हम उग्र आंदोलन करेंगे जिसकी समस्त जवाबदारी प्रबंधन की होगी।

## पुलिस ने पकड़ा अवैध रेत से लदा वाहन




**हरिभूमि न्यूजकोतमा।** वर्षाकाल के दौरान जलीय जीव जंतुओं के प्रजनन काल एवं पर्यावरण सुरक्षा को लेकर कलेक्टर के द्वारा नदी नालों से रेत उत्खनन पूरी तरह प्रतिबंधित किया गया है। उसके बाद भी कोतमा क्षेत्र में बेखौफ रेत माफियाओं द्वारा कलेक्टर के आदेशों की अवहेलना करते हुए खुलेआम जीवन दायिनी केवई नदी से रेत चोरी की जा रही है। कोतमा पुलिस ने एक ट्रैक्टर को चांगेरी घाट से रेत चोरी कर परिवहन के दौरान फिल्टर टोला लहसुई तिराहा के पास दबोचते हुए कार्यवाही की है। विवेचक रामखेलावन यादव ने बताया कि रात के अंधेरे मे स्वराज ट्रैक्टर क्रमांक एमपी 18 एए 6673 के चालक हेमराज पाव के द्वारा अवैध रेत उत्खनन कर परिवहन के लिए ले जा रहा था जिसे घेराबंदी कर रोके जाने पर टीपी एवं वाहन के दस्तावेजों की मांग की गई। मौके पर किसी प्रकार की वैध टीपी नहीं पाई गई। रात के अंधेरे में चोरी की रेत पाए जाने पर वाहन को जप्त कर थाने लाकर कार्यवाही की गई। तीन घन मीटर रेट कीमती 5 हजार एवं ट्रैक्टर वाहन कीमती 5 लाख कुल मसरूका 5 लाख 5 हजार का जप्त करते हुए आरोपी वाहन मालिक साहिबान अहमद 29 वर्ष पिता मोहम्मद सामान निवासी लहसुई एवं चालक हेमराज पाव गोहंड्रा के खिलाफ रेत चोरी की धारा 303(2) 317 (5) बीएनएस एवं खान एवं खनिज अधिनियम की धारा 4/21 के तहत मामला दर्ज किया गया। बताया जाता है कि कोतमा क्षेत्र अंतर्गत चंगेरी घाट, पैरीचुहा घाट, बामोर घाट, जमुडी घाट, निगवानी सारंगढ़ गांव के पास स्थित नदी के घाटों से रात दिन माफियाओं के द्वारा खनिज रेत चोरी की जा रही है।

# कोयलांचल में झोलाछाप डॉक्टरों की बाढ़



**हरिभूमि न्यूज कोतमा।** कोतमा क्षेत्र एक अच्छी सुरक्षित रहने के लिए शरण स्थली बन गई है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टरों की कमी के कारण झोलाछाप प्रैक्टिसनरों की इस क्षेत्र में चांदी है आए दिन कोई ना कोई झोलाछाप प्रैक्टिसनरों के गलत इलाज के कारण अपनी जान गंवा रहे हैं। इसका सबसे बड़ा प्रमुख कारण यह है कि कार्यवाही नहीं होने के कारण ऐसे लोगों के हौसले बुलंद रहते हैं और यह एक अच्छा पनाहगाह का अड्डा बन चुका है। जैतहरी क्षेत्र में अवैध क्लीनिक सील होने के बाद अब विश्वास क्लीनिक संचालक ने अपना बोरिया बिस्तर बांधकर कोतमा इस्लाम गंज में क्लीनिक संचालित कर लिया है। रविंद्र राठौर जिला अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा जैतहरी, अनूपपुर ने विश्वास क्लीनिक जो जैतहरी में अवैध संचालित थी उसकी शिकायत उपमुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ला से की थी। जिस पर उपमुख्यमंत्री ने जिला प्रशासन को अवैध विश्वास क्लीनिक के विरुद्ध कार्यवाही करने का निर्देश दिया था उसके बाद जिला प्रशासन कुंभकर्णी नींद से सोकर जागा और अवैध रूप से संचालित विश्वास क्लीनिक को जैतहरी में सील कर कार्यवाही की गई थी, किंतु जैतहरी मे अवैध क्लीनिक पर ताला लगने के बाद कोतमा इस्लाम गंज में अवैध क्लीनिक खोलकर सभी बीमारियों का इलाज करने का दावा कर लोगों के जीवन के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। जिला प्रशासन ऐसे अवैध क्लीनिक पर लगाम लगाए अन्यथा कभी भी कोई अनहोनी मरीजों के साथ हो सकती है। कोतमा क्षेत्र में काफी दिनों से अवैध क्लिनिकों पर स्वास्थ्य विभाग के द्वारा कार्यवाही नहीं की गई जिसके कारण वर्तमान में एक दर्जन से ज्यादा नगर में ऐसे अवैध क्लीनिक संचालित हो रहे हैं यहां तक कि उनके यहां सभी तरह के मर्ज का इलाज भी किया जाता है और अंत में जब मामला बिगड़ने लगता है तो यह उससे पल्ला झाड़ लेते हैं और अंत में उस मरीज की जान चली जाती है। कुछ दिनों तक कार्यवाही के नाम पर खानापूर्ति की जाती है और फिर वैसा ही चलने लगता है। नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रो में ऐसे झोलाछाप प्रक्टीसनर प्रतिदिन ग्रामीणों के जिंदगी से खिलवाड़ कर रहे हैं उनके पास ना तो किसी प्रकार की डिग्री डिप्लोमा है उसके बाद भी यह गांव-गांव घूम कर लोगों का इलाज करते नजर आते हैं।

### इनका कहना है

मेरे संज्ञान मे बात आई है शीघ्र ही जांच कर कार्यवाही की जाएगी।

**डॉ. केएल दीवान**
**खंड चिकित्सा अधिकारी कोतमा**

# पंचायत उन्नति सूचकांक ( पीएआई1.0 ) का हुआ विमोचन

### सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली पंचायतें हुई सम्मानित



**उमरिया।** जिला पंचायत सभागार उमरिया में पंचायत उन्नति सूचकांक ( पीआई 1.0) वर्ष 2022-23 का विमोचन एवं प्रचार-प्रसार हेतु जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन जिला पंचायत सभागार में जिला पंचायत अध्यक्ष अनुजा पटेल की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। जिला पंचायत अध्यक्ष ने सम्मानित पंचायतों के प्रतिनिधियों को बधाई देते हुए कहा आप सभी ने जो कार्य किए हैं, वे निश्चित ही सराहनीय हैं। अब आवश्यकता है कि आगामी दिवसों में अपने क्षेत्र में शासन की मंशा अनुरूप और बेहतर कार्य करें, ताकि आमजन को इसका सीधा लाभ मिल सके।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य है कि आप लोग अपने-अपने क्षेत्र में सामाजिक-आर्थिक संकेतकों का उपयोग करके पंचायतों के विकास कार्य करें, ताकि अन्य पंचायतें आपसे प्रेरणा लेकर अपनी पंचायतों को बेहतर बना सकें। उन्होंने कहा कि यह महज सम्मान नहीं, बल्कि एक उदाहरण और चुनौती भी है जिससे बाकी पंचायतों को अपनी कमियों को पहचानकर सुधार की दिशा में प्रयास करना चाहिए और हमारी पंचायत राज्य ही नहीं देश स्तर पर अव्वल आए यही अपेक्षा है ।कार्यक्रम में खेमलाल साहू डीपीएम आरजीएसए जिला पंचायत उमरिया ने सूचकांक की विस्तृत जानकारी साझा करते हुए बताया कि पंचायत उन्नति सूचकांक च्प। 1.0 स्थानीय समुदायों की जरूरतों पर ध्यान केंद्रित करता है। यह 9 प्रमुख विषयों के आधार पर पंचायतों के प्रदर्शन का मूल्यांकन करता है। इन विषयों को सतत विकास लक्ष्यों के अनुरूप तैयार किया गया है, जिससे विकास अधिक प्रासंगिक और सार्थक बनता है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2022-23 के प्रदर्शन के आधार पर जिले की 20 श्रेष्ठ पंचायतों को आज इस कार्यशाला में सम्मानित किया जा रहा है। साथ ही च्प। 2.0 की अवधारणा से प्रशिक्षक श्री अनुपम त्रिपाठी नें अवगत कराया । कार्यक्रम में पंचायत एवं जिला विकास सूचकांक के 9 विषयों पर जिले की अलग-अलग ग्राम पंचायतों का चयन किया गया। जिसमें सशक्त पंचायत सतत विकास की अवधारणा के साथ पंचायतों को सशक्त बनाने, उनके कामकाज को पारदर्शी और कुशल बनाने के किए गए कार्य के आधार पर जिले की ग्राम पंचायत को पंचायत विकास सूचकांक( पीएआई1.0) में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली उमरिया जिले की ग्राम पंचायत देवगवां प्रथम पुरस्कार राशि रुपए 11000, ग्राम पंचायत भरेवा द्वितीय पुरस्कार राशि रुपए 7100, ग्राम पंचायत मुडग़ुड़ी तृतीय पुरस्कार राशि रुपए 5100 एवं बाकी ग्राम पंचायतों जैसे धनवाही, सेहराटोला, पनपथा, टिकुरी, दुब्बार, बडख़ेरा एवं चंदवार को राशि रुपए 2100 एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए, साथ ही अन्य 10 चयनित ग्राम पंचायत पाली, अखड़ार, घघडार, मुग़वानी, ममान, नादावन, उफऱी, छपरौड़, लोढ़ा एवं ताला को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किए एवं सभी का टीएमपी पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन किया गया।

कार्यक्रम का संचालन खेमलाल साहू , डीपीएम (आरजीएसए) जिला पंचायत उमरिया ने किया । इस अवसर पर जिला पंचायत जिला पंचायत सदस्य, जिला प्रमुख अधिकारी, शाखा प्रभारी समस्त जिला पंचायत उमरिया,एस आई आर डी जबलपुर से सुरेंद्र प्रजापति शिवा, डी सी एवं बीसी आरजीएसए, पुरस्कृत पंचायत के सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक, जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### मलेरिया से बचाव हेतु घर के आस पास कीटनाशक दवाओ का करें छिड़कावः सीएमएचओ



**उमरिया।** विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ व्ही एस चंदेल द्वारा उप स्वास्थ्य केंद्र पाली विकासखंड करकेली में फील्ड स्तर पर कार्यकर्ताओं की बैठक ली गई। उन्होने कहा कि मलेरिया से बचाव हेतु घर के आसपास समय-समय पर कीटनाशक दवाओ का छिडक़ाव करते रहें । खिड़कियां एवं दरवाजे पर जाली लगवाए। पूरी बाह के कपड़े पहने ऐसे स्थान जहां से निकासी संभव न हो एवं अनावश्यक जल भराव हो उसमें केरोसिन या जला हुआ तेल डालें,सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग आवश्यक रूप से करें। उन्होंने उपस्थित प्रतिभागियों को संकल्प दिलाया कि हम अपने घर व आसपास के क्षेत्र में स्वच्छता बनाए रखेंगे तथा इसकी रोकथाम हेतु उपचार और बचाव के लिए लोगों को जागरुक भी करेंगे।मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा मौसमी बीमारियों के आधार पर स्वास्थ्य केंद्र एचडब्ल्यूसी एवं आशा कार्यकर्ताओं को सजग एवं निगरानी करने हेतु निर्देशित किया साथ ही एनसीडी पोर्टल, अनमोल पोर्टल पर गर्भवती माता का शीघ्र पंजीयन,राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के तहत 100 दिवस निश्चय शिविर अभियान के संबंध में चर्चा की गई। बैठक में डब्ल्यूएचओ प्रतिनिधि मोइन अख्तर, जिला कार्यक्रम समन्वयक एसपी गुप्ता, जिला कम्युनिटी मोबिलाइज रोहित सिंह बघेल, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी, हेल्थ क्षेत्र के एएनएम,आशा सुपरवाइजर एवं आशा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## 22 अगस्त को सर्विल इंस्टीट्यूट में युवा संगम रोजगार मेला

**उमरिया।** जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि सर्विल इंस्ट्यिूट में युवा संगम रोजगार मेला 22 अगस्त को प्रातः 11 बजे से किया गया है। मेले में निप्पोन मल्टीसर्विस हिरिंग, सागर मेन्युफेक्चेरिंग टेक्साइल कंपनी, मोबाइल पे, भीलवाडा टेक्साई कंपनी , वर्धमान यान मंडीदीप भोपाल, प्रथम एजुकेशन कटंगी रोड जबलपुर ट्रेनिंग , एस आई एस आई सुरक्षा गार्ड, एल आईसी उमरिया, दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल विकास खजुरी कला भोपाल, श्रीराम फाइनेंस उमरिया, एस बी आई लाइफ इंशोरेंस , इंट्रीग्रेटेड , पर्सनल सर्विसेज त्तिची चेन्नई, प्रतिभा सिंटेक्सव टेक्साइल पीथमपुर इंदौर, रणविजय शासकीय महाविद्यालय उमरिया तथा आयुष विभाग भाग लेंगे । उन्होने कहा है कि आवेदक अपने साथ पास पोर्ट साइज की फोटो के साथ समस्त प्रमाण पत्रो की छायाप्रति लेकर रोजगार मेला में उपस्थित होवे । अधिक जानकारी के लिए मोबाइल नंबर 7869880800 पर संपर्क किया जा सकता है ।

## खबर संक्षेप



### मां लक्ष्मी गौ सेवा समिति को किया सम्मानित

**कटनी।** बधाई उत्सव कमेटी द्वारा समाज में गौसेवा एवम सर्प सेवा के कार्य देखते हुये विधायक संजय पाठक के द्वारा माँ लक्ष्मी गौसेवा समिति को सम्मानित किया गया है। यह सम्मान हमारी संस्था से जुड़े हुए सभी सदस्यों का है, जिन्होंने सामाजिक कार्य में प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से अपनी सेवाये दी है। हम सभी को इस सम्मान के लिए आभार जताया गया है। मां लक्ष्मी गौसेवा समिति के सतीश सोनी का कहना है कि भविष्य में भी हमारी संस्था के द्वारा ऐसे ही मानव सेवा, पशु सेवा एवं अन्य सामाजिक सेवा का कार्य हम सभी के सहयोग से निरंतर जारी रहेगा।

### डेंगू-मलेरिया की रोकथाम हेतु दवा का छिड़काव

**कटनी।** नगर निगम कटनी द्वारा वर्षा के दौरान मलेरिया जैसी मच्छर जनित बीमारियों की रोकथाम हेतु वार्डों में निरंतर कीटनाशक दवा का छिड़काव कराया जा रहा है। निगम के स्वास्थ्य विभाग द्वारा अभियान स्वरूप नगर के विभिन्न वार्डों की नालियों, जलभराव वाले क्षेत्रों, बस्तियों एवं सार्वजनिक स्थलों पर लार्वा नाशक दवाओं का छिड़काव निरंतर किया जा रहा है। साथ ही फॉगिंग मशीन के माध्यम से भी धुएँ का छिड़काव कर मच्छरों को नष्ट करने का प्रयास किया जा रहा है। महापौर श्रीमती प्रीति सूरी एवं निगमायुक्त नीलेश दुबे ने संक्रामक बीमारियों की रोकथाम हेतु नागरिकों से भी अपील की है कि वे अपने आसपास पानी एकत्र न होने दें, कूलर, टंकियों की समय-समय पर सफाई करें तथा सफाई कर्मचारियों को सहयोग दें। स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी ने बताया कि शहर के उन क्षेत्रों में विशेष अभियान चलाया जाकर दवा छिड़काव किया जा रहा है जहां पूर्व में मच्छर जनित बीमारियों का अत्यधिक फैलाव था। इसी क्रम में क्षेत्रीय स्वच्छता निरीक्षकों की निगरानी में सोमवार को मंगल नगर क्षेत्र की विभिन्न गलियों में दवा का छिड़काव कराया गया है,तथा मच्छर जनित बीमारियों की रोकथाम हेतु आगे भी यह अभियान निरंतर जारी रहेगा।

### कट्टा लहराते वीडियो वायरल होने के बाद युवक गिरफ्तार

**कटनी।** रंगनाथ थाना क्षेत्र में युवक द्वारा हाथ में कट्टा लेकर लहराता युवक का वीडियो सोशल मीडिया मे वायरल हुआ जिसको देखते हुए रंगनाथ पुलिस ने त्वरित कार्यवाही की। पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन अति पुलिस अधीक्षक संतोष डेहरिया एवं सीएसपी नेहा पच्चीसिया के मार्गदर्शन में 24 घण्टे के अंदर वीडियो में दिख रहे युवक रोशन ठाकुर पिता गजराज ठाकुर 23 निवासी लक्ष्मी पान भंडार पाठक वार्ड थाना रंगनाथ नगर को गिरफ्तार किया जाकर आरोपी के कब्जे से 01 देशी कट्टा 02 जिंदा कारतूस एवं 01 पिस्टल 02 जिंदा कारतूस जब्त कर जेल भेजा गया।

### मिड-डे मील योजना जिले में ठप, भुगतान न मिलने से स्व सहायता समूह हड़ताल पर

**डिंडौरी न्यूज ।** जिले में प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण (मिड-डे मील) योजना एक बड़े संकट से जूझ रही है। अप्रैल माह से अब तक योजना की राशि जारी न होने से जिलेभर के स्व सहायता समूह आर्थिक संकट में फंस गए हैं। बकाया भुगतान नहीं मिलने के कारण समूहों ने हाथ खड़े कर दिए हैं और मध्यान्ह भोजन योजना का संचालन बंद करने की चेतावनी दी है।जिला स्व सहायता समूह संघ की अध्यक्ष श्रीमती संतोषी दिनेश परस्ते ने पत्र 18 अगस्त 2025 के माध्यम से जिला पंचायत को सूचित किया कि समूहों की मांगें पूरी न होने तक विद्यालयों में चूल्हा बंद रखा जाएगा। इस स्थिति को गंभीर मानते हुए जिला पंचायत डिंडौरी ने सभी विकासखंड शिक्षा समन्वयकों (अमरपुर, बजाग, डिंडौरी, करंजिया, मेहदवानी, समनापुर, शहपुरा) को पत्र जारी किया है।

# काला हीरा नगरी की ढलती चमक पर व्यापार के पुनर्जीवन पर गहरा मंथन जरूरी

## पार्किंग तक नहीं... करोड़ों की रॉयल्टी लेने वाली नगर पालिका पर उठे सवाल

कभी काला हीरे (कोयला) की नगरी के नाम से प्रसिद्ध धनपुरी आज अपनी पुरानी रौनक खोता जा रहा है। जिस शहर में हजारों कालरी कर्मचारी कार्यरत थे और हर महीने सैलरी पेमेंट के समय दुकानों में मेले जैसे हालात रहते थे, वहां अब सन्नाटा पसरने लगा है।

धनपुरी।






सोहागपुर एरिया में कभी 18,000 से अधिक श्रमिकों की पावर हुआ करती थी। उनकी आमदनी से धनपुरी, बुढ़ार और शहडोल तक के बाजार गुलजार रहते थे।लेकिन अब कोयले की खदानें धीरे-धीरे बंद हो रही हैं। कर्मचारियों की बड़ी संख्या रिटायर हो चुकी है और अब केवल कुछ हजार ही शेष बचे हैं। कोयले की खदानों की चहल-पहल थमने से नगर का व्यापार भी सिकुड़ने लगा है।नगर पालिका को हर साल लाखों की रॉयल्टीधनपुरी क्षेत्र की कालरी से नगर पालिका को वर्षों से करोड़ों रुपए की रॉयल्टी मिलती रही है। यह राशि नगर के विकास और सुविधाओं के लिए खर्च होनी चाहिए थी, लेकिन नागरिकों का कहना है कि इसके बावजूद नगर में बुनियादी सुविधाओं का अभाव है। न तो व्यापार को गति देने वाले ठोस कदम उठाए गए हैं और न ही नगर की मूलभूत आवश्यकताओं पर ध्यान दिया गया है।नगर पालिका से जुड़ी उम्मीदेंबीते 15 वर्षों से भाजपा का नगर पालिका पर कब्जा है। अध्यक्ष भी भाजपा की रही हैं। बावजूद इसके व्यापारियों को अपेक्षित लाभ नहीं मिल सका। नगर की अर्थव्यवस्था लगातार कमजोर होती जा रही है।लघु उद्योगों से बढ़ सकती है रौनकधनपुरी और उसके आसपास खनिज संपदा का भंडार है। यदि छोटे-मोटे लघु उद्योगों की स्थापना हो तो व्यापार को गति मिल सकती है और आने वाली पीढ़ी को रोजगार के अवसर प्राप्त हो सकते हैं। नागरिकों का कहना है कि विधायक, सांसद और नगर पालिका अध्यक्ष को इस दिशा में गंभीर पहल करनी चाहिए।सबसे बड़ी कमी—पार्किंग व्यवस्थाधनपुरी नगर में आज तक एक भी पार्किंग सुविधा विकसित नहीं हो पाई है। लोग वाहन खड़ा करने में परेशान रहते हैं, जिससे बाजार की चहल-पहल प्रभावित होती है। व्यापारी बार-बार इस मांग को उठा चुके हैं लेकिन आज तक कोई ठोस व्यवस्था नहीं बन पाई है।व्यापारियों की चिंताव्यापारियों का कहना है कि यदि हालात ऐसे ही रहे तो आने वाली पीढ़ी रोजगार के लिए पलायन को मजबूर हो जाएगी। कोयले की खदानों पर निर्भर नगर की अर्थव्यवस्था को अब नए रास्ते तलाशने होंगे। सवाल यही है कि करोड़ों की रॉयल्टी मिलने के बावजूद नगर का विकास क्यों नहीं हो पा रहा है? क्या जनप्रतिनिधि और प्रशासन मिलकर धनपुरी की पुरानी रौनक लौटा पाएंगे या नगर की पहचान सिर्फ इतिहास के पन्नों में सिमट जाएगी।

# रसायन शास्त्र विभाग में लघु शोध पर साक्षात्कार और प्रेजेंटेशन हुआ संपन्न



ब्यौहारी।


शासकीय महाविद्यालय व्यवहारी में दिनांक 7 /8 /25 दिन गुरुवार को बीएससी चतुर्थ वर्ष रसायन शास्त्र विषय पर डिसर्टेशन viva एवं प्रेजेंटेशन कराया गया. राष्ट्रीय शिक्षा नीति के परिपेक्ष में बीएससी चतुर्थ वर्ष के पाठ्यक्रम में लघु शोध को शामिल किया गया है .डॉक्टर अर्चना गौतम और डॉक्टर संजय गुप्ता द्वारा छात्र-छात्राओं को विभिन्न ऐसे विषयों में शोध रिपोर्ट तैयार कराया गया जो आज के समय के सबसे ज्यादा स्कोपिक और एडवांस विषय हैं जैसे माइक्रो प्लास्टिक पॉल्यूशन इन वॉटर बॉडीज ,नैनो मैटेरियल्स फॉर एनवायरमेंटल एप्लीकेशन, कंप्यूटेशनल ड्रग, ग्रीन केमेस्ट्री एंड देयर एस्पेक्ट आदि वह परीक्षा के रूप में डॉक्टर धर्मेंद्र द्विवेदी रसायन शास्त्र के प्रोफेसर एवं शासकीय महाविद्यालय जयसिंहनगर के प्राचार्य द्वारा मार्गदर्शन किया गया महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ रमाकांत तिवारी जी ने बहुत प्रसन्नता व्यक्त की और कहा की बच्चों में शोध कार्य की नींव रखी गई है और हमारे बच्चे आगे बहुत अच्छा कार्य कर सकेंगे डॉ धर्मेंद्र द्विवेदी सर ने बच्चों को सराहा और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) के बढ़ते उपयोग एवं शोध हेतु मार्गदर्शन किया. डॉ अर्चना गौतम और डॉक्टर संजय गुप्ता को बहुत-बहुत बधाइयां इस कार्यक्रम में डॉक्टर राजेश त्रिपाठी, डॉ संजय सिंह, डॉक्टर सुनील सिंह, डॉक्टर जागृति कटरा ,डॉ मनीष त्रिपाठी, श्री वंश बहादुर सिंह ,श्री नवल किशोर शर्मा, श्री शुभकांत बहरोलिया एवं समस्त प्राध्यापक उपस्थित रहे और छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित किया

# शहडोल का गौरव: हर्ष त्रिपाठी का जेईई व नीट में चयन

## शासकीय हाई स्कूल चचाई का नाम किया रोशन

बाणसागर

शहडोल जिले की शैक्षणिक उपलब्धियों में नया इतिहास रचते हुए शासकीय हाई स्कूल चचाई, तहसील -व्यौहारी के मेधावी छात्र हर्ष त्रिपाठी ने मध्यप्रदेश शासन की प्रतिष्ठित सुपर-100 योजना की परीक्षा में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है।हर्ष का चयन न केवल जेईई (इंजीनियरिंग) बल्कि नीट (मेडिकल) दोनों प्रतियोगी परीक्षाओं हेतु हुआ है। जिले से जेईई के लिए चयनित होने वाले वे एकमात्र छात्र हैं।-ग्रामीण अंचल से उठी प्रतिभा- हर्ष ने प्राथमिक से लेकर 10वीं तक की पढ़ाई शासकीय हाई स्कूल चचाई से की। उनकी सफलता ने यह साबित कर



दिया है कि संसाधनों की कमी के बावजूद लगन, संकल्प और मार्गदर्शन से बड़े लक्ष्य हासिल किए जा सकते हैं।

हर्ष का कहना—"विद्यालय का वातावरण सदैव शैक्षणिक गतिविधियों पर केंद्रित रहा। धीरेंद्र कुमार पाण्डेय सर ने हमें सुपर-100 योजना के बारे में अवगत कराया और निरंतर मार्गदर्शन दिया। सफलता का श्रेय मैं अपने प्राचार्य, सभी शिक्षकों और परिजनों को देता हूँ।"-विद्यालय और जिले में खुशी की लहर --विद्यालय की प्राचार्या मीना सिंह ने कहा—"हर्ष की उपलब्धि न केवल हमारे विद्यालय बल्कि पूरे जिले के लिए गौरव का विषय है। पूर्व में भी हमारे विद्यालय से छात्र सुपर-100 योजना और राष्ट्रीय स्तर की मेरिट सूची में चयनित हो चुके हैं।"-जिले के जनप्रतिनिधि और गणमान्य नागरिकों ने दी शुभकामनाएँ -हर्ष की सफलता पर जिले के जनप्रतिनिधि और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भी प्रसन्नता व्यक्त की। ब्राह्मण सेवा संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष संतोष उपाध्याय ने बधाई देते हुए कहा आगे की पढ़ाई में आवश्यकता पड़ती है तो मदद करेगा। सुपर-100 योजना-मध्यप्रदेश शासन की इस योजना के अंतर्गत प्रदेशभर से चयनित मेधावी छात्रों को जेईई व नीट जैसी कठिन प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु निःशुल्क कोचिंग, आवास व संसाधन उपलब्ध कराए जाते हैं।

# सदस्य बाल संरक्षण आयोग ने विद्यालयों का किया निरीक्षण



**शहडोल।** म.प्र.बाल अधिकार संरक्षण आयोग की सदस्य श्रीमती मेघा पवार ने संभागीय मुख्यालय शहडोल के जेनीस एंजल्स प्ले स्कूल हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी शहडोल एवं सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पांडवनगर का निरीक्षण किया। सदस्य बाल संरक्षण आयोग श्रीमती मेघा पवार ने कहा कि शिक्षक विद्यालयो में आने वाले विद्यार्थियो को पाठ्यक्रम के साथ-साथ खेल गतिविधियो का आयोजन कर शिक्षा के साथ संस्कारों की शिक्षा भी दें। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी सोशल मीडिया के उपयोग से बचें एवं मोबाइल का उपयोग शिक्षा एवं आईटी के ज्ञान के लिए सकारात्मक ढंग से करें, अनावश्यक मोबाइल के उपयोग से बचे। उन्होंने विद्यार्थियो को पौष्टिक आहार लेने की भी समझाईश दी। उन्होंने बच्चों के लिए गुड टच, बैड टच से संबंधित कोमल शॉर्ट फिल्म दिखाए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने विद्यालयों की विभिन्न गतिविधियों, स्कालरशिप, स्कुल बस, स्कूल मान्यता, जैसे अन्य विषयों की जानकारी ली तथा आवश्यक निर्देश विद्यालय के संचालको को दिए। उन्होंने सोशल मीडिया का सावधानीपूर्वक उपयोग करनें, अनावश्यक गेम के लिए उपयोग ना करने और प्रतिदिन समाचार पत्रो के माध्यम से देश विदेश की जानकारी लेने के लिए शपथ भी दिलाई गयी तथा उमंग हेल्पलाइन नंबर 14425 चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी गई। इस अवसर पर सहायक संचालक महिला बाल विकास श्रीमती संजीत भगत सहित विद्यालय के संचालक एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहें।

# मुख्यमंत्री ने सम्पूर्णता अभियान सम्मान समारोह में कलेक्टर एवं सहायोगी टीम को सिल्वर मेडल एवं प्रशस्ति पत्र से किया सम्मानित

## कलेक्टर के प्रतिनिधि संयुक्त कलेक्टर श्रीमती प्रगति वर्मा एवं टीम के सदस्यों ने प्राप्त किया मेडल

शहडोल।



मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में संपूर्णता अभियान सम्मान समारोह कार्यक्रम आज कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर भोपाल में सम्पन्न हुआ। केंद्र सरकार के नीति आयोग द्वारा आकांक्षी जिला एवं विकासखंड में जुलाई 2024 से सितंबर 2024 तक संपूर्णता अभियान चलाया गया था। जिसमे शहडोल जिले में गोहपारू विकासखंड में नीति आयोग द्वारा निर्धारित 6 इंडिकेटर्स में 5 इंडिकेटर्स (सूचकांक) में शत प्रतिशत सैचुरेशन किए जाने के लिए कलेक्टर शहडोल डॉ. केदार सिंह और उनकी टीम का चयन सिल्वर मेडल के लिए किया गया था। जिन्हे 20 अगस्त 2025 को कुशाभाऊ ठाकरे अंतरराष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर भोपाल में प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा सिल्वर मेडल एवं प्रशस्ति पत्र प्रदाय किया गया। उनके साथ की टीम तत्कालीन एसडीएम श्रीमती प्रगति वर्मा, परियोजना अधिकारी गोहपारू श्रीमती सतवंत कौर, सी.वी.बागरी एसडीओ कृषि विभाग गोहपारू उपस्थित रहे। इस व्यापक अभियान का उद्देश्य देश भर के आकांक्षी जिलों और ब्लॉकों में 12 प्रमुख सामाजिक क्षेत्र संकेतकों की सौ प्रतिशत संतृप्ति प्राप्त करना है।

## शासकीय महाविद्यालय स्लीमनाबाद में जन्माष्टमी महोत्सव आयोजित

# भगवान श्रीकृष्ण के जीवन पर आधारित लीलाओं का हुआ मंचन

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद




स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय स्लीमनाबाद मे श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान श्रीकृष्ण की पूजा अर्चना कर किया गया। इसके बाद कृष्ण भक्ति की ऐसी बयार बही कि नन्हे-मुन्ने बच्चे भी उसमें डूबे नजर आयें। कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव के दौरान दही हांडी प्रतियोगिता आयोजित हुई!बच्चों में मटकी फोड़ने की उत्सुकता देखकर सभी हैरान रह गए। हाथों में बांसुरी व सिर पर मोर मुकुट लगाए बच्चे कृष्ण का रूप धरकर पहुंचे। वहीं कई बालिकाओं ने राधा रानी का भी रूप धरा। इस दौरान कृष्ण के जीवन पर आधारित लीलाओं का मंचन भी किया गया। बच्चों ने कृष्ण भजनो पर मनमोहक प्रस्तुति दी। इस दौरान पूरा माहौल कृष्णमय हो गया। इसके बाद भगवान कृष्ण के जीवन चरित्र पर ब्याख्यान माला का आयोजन किया गया।

इस दौरान प्राचार्या डॉ सरिता पांडेय ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण के उपदेशो मे ही जीवन जीने की कला निहित है!श्री कृष्ण का जीवन अलौकिक होने पर भी लौकिक जीवन से जुडा हुआ दिखाई पड़ता है। जीवन जीने की कला यदि किसी से सीखनी चाहिए तो वह है श्रीकृष्ण। वहीं महाविद्यालय मे बलराम जयंती कार्यक्रम भी आयोजित किया गया।

इस दौरान डॉ किरण खरादी, डॉ सपना द्विवेदी, डॉ प्रीत नेगी, डॉ प्रीति यादव, डॉ शैलेन्द्र सिंह, डॉ भारती यादव,डॉ राजेश कुशवाहा, डॉ बालेन्द्र सिंह, डॉ अशोक पटेल, अंजना पांडेय सहित महाविद्यालय स्टॉफ की उपस्थिति रही।

## ग्राम पंचायतो का विकास करने ग्राम सभाओं में हुई चर्चा

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर बहोरीबंद जनपद की ग्राम पंचायतो में चरणबध्द तरीके ग्राम सभाओं का आयोजन किया जा रहा है। ग्राम सभाओं का आयोजन 20 अगस्त तक चरणबद्ध तरीक़े से किया जायेगा। इस अवसर पर ग्राम सभा के दौरान ग्राम सभाओं में ग्राम पंचायतों में विभिन्न प्रकार की पेंशन प्राप्त कर रहे हितग्राहियों की सूची का वाचन करना,



नशामुक्ति अभियान अंतर्गत ग्राम पंचायत को नशामुक्त बनाने पर चर्चा की गई। इसी तरह बाल हितैषी एवं महिला सशक्तिकरण विजन पर चर्चा, 15 वां वित्त आयोग वर्ष 2025-26 की कार्ययोजना एवं रणनीति पर चर्चा, पंचायत डेवलपमेंट सूचकांक पर चर्चा की गई। साथ ही शौचालय विहीन बचे परिवारों की सूची का वाचन एवं अनुमोदन, ओडीएफ प्लस मॉडल बनाने की गतिविधियों की योजना का अनुमोदन एवं 15 वे वित्त के टाइड फंड से राशि लेने के लिए जीपीडीपी में शामिल किए जाने का प्रस्ताव उपस्वास्थ्य केन्द्र स्तरीय हेल्थ एण्ड वैलनेस सेंटर पर उपलब्ध सेवाओं की जानकारी देना एवं समुदाय की उच्च रक्तचाप, मधुमेह, कैंसर तथा टीबी रोग की जांच एवं स्क्रीनिंग करना सहित अन्य विषयों पर ग्राम सभाओं में ग्रामीणों से चर्चा की गई।

जनपद सीईओ अभिषेक कुमार ने बताया कि 20 अगस्त तक बहोरीबंद

# कठौतिया में अवैध मुरूम उत्खनन पर प्रशासन का शिकंजा, दो जेसीबी जब्त

**शहपुरा** - डिंडोरी जिले के मेहदवानी थाना क्षेत्र के ग्राम कठौतिया में अवैध मुरूम मिट्टी की खुदाई पर प्रशासन ने बड़ी कार्यवाही की है। बुधवार के दिन में लगभग 3 बजे शिकायत मिलने पर नायब तहसीलदार मेहदवानी तेज लाल धुर्वे पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। वहां दो जेसीबी मशीनें जिनका वाहन अवैध रूप से मुरूम की खुदाई करती पाई गईं। तत्काल कार्यवाही करते हुए दोनों मशीनों को जब्त कर मेहदवानी थाने में खड़ा कराया गया।

सूत्रों के अनुसार लंबे समय से इस इलाके में अवैध मुरूम खनन की शिकायतें मिल रही थीं। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस उत्खनन से न केवल सरकारी जमीन को नुकसान पहुंच रहा था बल्कि खेतों की उपजाऊ क्षमता और पर्यावरण पर भी प्रतिकूल असर पड़ रहा था। ग्रामीण कई बार इस विषय पर आपत्ति जता चुके थे। नायब तहसीलदार धुर्वे ने स्पष्ट किया कि जिले में किसी भी प्रकार के अवैध खनन को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अवैध उत्खनन करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी और दोषियों पर सख्त धाराओं के तहत मामला दर्ज किया जाएगा। इस कार्रवाई के बाद क्षेत्र में खनन माफियाओं में हड़कंप मचा हुआ है। ग्रामीणों ने प्रशासन की इस तत्परता की सराहना की और उम्मीद जताई कि आगे भी इसी तरह की कार्यवाही होती रहे ताकि प्राकृतिक संसाधनों की लूट पर पूरी तरह अंकुश लग सके।

## सम्पूर्णता अभियान सम्मान समारोह के तहत जिले को मिला सम्मान

# कलेक्टर को मुख्यमंत्री ने कांस्य पदक से किया सम्मानित, गौरवान्वित हुआ जिला

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर। प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में सम्पूर्णता अभियान सम्मान समारोह के अंतर्गत बुधवार को कुशाभाउ ठाकरे इंटरनेशनल कन्वेशन सेंटर भोपाल में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें अनूपपुर जिले के कलेक्टर हर्षल पंचोली को कांस्य पदक से सम्मानित किया गया है।** जिसे मुख्यमंत्री द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तन्मय वशिष्ठ शर्मा को प्रदाय किया गया। उल्लेखनीय है कि आकांक्षी ब्लॉक पुष्पराजगढ़ में आकांक्षी जिला विकास कार्यक्रम के तहत स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास-पोषण, कृषि-मृदा स्वास्थ्य के तहत विभिन्न कार्यक्रमों के जरिये और उनके प्रभावी क्रियान्वयन



से लक्ष्यों को शत प्रतिशत पूर्ण करने के लिए प्रयास किये गए और सफलता भी प्राप्त हुई। अभियान के तहत ब्लॉक में लक्षित जनसंख्या के विरुद्ध मधुमेह की जाँच किए गए लोगों का प्रतिशत, ब्लॉक में लक्षित जनसंख्या के विरुद्ध उच्च रक्तचाप की जाँच किए गए लोगों का प्रतिशत, आईसीडीएस कार्यक्रम के अंतर्गत नियमित रूप से पूरक पोषण ले रही गर्भवती महिलाओं का प्रतिशत तथा मृदा नमूना संग्रह लक्ष्य के विरुद्ध सृजित मृदा स्वास्थ्य कार्डों का प्रतिशत 100-100 प्रतिशत रहा। इस अवसर पर आकांक्षी ब्लॉक फैलो राजस्वनी शर्मा, प्रभारी उप संचालक कृषि श्रीमती निशा सिन्हा, खण्ड चिकित्सा अधिकारी पुष्पराजगढ़ डॉ. सुरेन्द्र सिंह, महिला एवं बाल विकास विभाग की सहायक संचालक श्रीमती मंजूषा शर्मा उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### श्याम कुमार के कांग्रेस जिलाध्यक्ष बनने के बाद पहले जिला आगमन पर स्वागत की अपील



**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा श्याम कुमार गुड्डू चौहान को अनूपपुर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया है। नव नियुक्त जिला कांग्रेस अध्यक्ष गुड्डू चौहान भोपाल से नर्मदा एक्सप्रेस से चलकर आज 21 अगस्त को सुबह 10 बजे अनूपपुर रेलवे स्टेशन पहुंचेंगे व उसके उपरांत विधायक फुन्देलाल सिंह मार्को के मुख्य आतिथ्य तथा नेतृत्व में नव नियुक्त अध्यक्ष गुड्डू चौहान के सम्मान समारोह, पदभार ग्रहण समारोह का आयोजन जिला कांग्रेस कार्यालय अनूपपुर के प्रांगण में आयोजित किया गया है। जिसके लिए जिला कांग्रेस कमेटी के संगठन मंत्री मनोज मिश्रा ने कांग्रेस पार्टी के सभी वरिष्ठों सहित समस्त प्रकोष्ठ, ब्लाक, मंडलम, सेक्टर, युवा कांग्रेस, सेवादल, महिला कांग्रेस, एन.एस.यूआई, इंटक, के पदाधिकारी एवं सदस्य, साथ ही जिला पंचायत, जनपद पंचायत, तथा स्थानीय निकायों में निर्वाचित तथा पूर्व अध्यक्ष एवं सदस्यों एवं कार्यकर्ता बन्धुओं से उक्त कार्यक्रम मे पहुंचने की अपील की है।

### बिजुरी, डोला, डूमरकछार तथा बनगवॉ में शिविर का आयोजन आज

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** शासन द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी अंतर्गत 01 अगस्त से 31 अगस्त तक जिले में पीएम आवास माह का आयोजन करने संबंधी निर्देश दिए गए हैं। उक्त के संबंध में जिले के सभी नगरीय निकायों में पीएम आवास माह के सफल आयोजन हेतु कलेक्टर हर्षल पंचोली ने अधिकारियों/कर्मचारियों की ड्यूटी लगाया जाकर नगरीय निकाय क्षेत्रों में आईएसएस योजना, आरआरसी तथा पीएम आवास माह के अन्य बिन्दुओं में वांछित प्रगति हेतु शिविरों की तिथि का निर्धारण कर दिया है। जिसके अनुसार नगरपालिका परिषद बिजुरी एवं नगर परिषद डोला, डूमरकछार, बनगवॉ (राजनगर) में 21 अगस्त को प्रातः 11 बजे से शाम 5:30 बजे तक शिविर का आयोजन किया जाएगा।

### नाले में मिला एक सप्ताह पुराना महिला का क्षत-विक्षत कंकाल

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** जिले के भालूमाड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम पड़ौर में मंगलवार को एक महिला का कंकाल मिला है। स्थानीय निवासी राजेंद्र बैगा ने लीला बैगा के घर के पास नाले से आ रही तेज बदबू की सूचना ग्राम सरपंच बाल सिंह और पुलिस को दी। सूचना मिलने पर पुलिस ने कंकाल को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है और मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार ग्राम पड़ौर में राजेंद्र बैगा की सूचना पर सरपंच ने मौके पर पहुंचकर देखा तो नाले में एक महिला का कंकाल पड़ा था। कंकाल पर लाल रंग का ब्लाउज और हाथ में अंगूठी पहनी हुई थीं। इससे यह पुष्टि हुई कि यह किसी महिला का शव है। सरपंच ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। भालूमाड़ा थाना प्रभारी संजय खलको ने बताया कि जानवरों ने शव को नोच डाला है।

## अवैध देशी पिस्टल से फायरिंग का आरोपी बिजुरी पुलिस की गिरफ्त में



### शातिर आरोपी के खिलाफ पहले से हैं अपराध दर्ज

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** पुलिस अधीक्षक मोती उर्र रहमान के द्वारा गंभीर अपराधो पर पुलिस की त्वरित प्रतिक्रिया आदेशित किया गया है जिसके अनुपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनूपपुर मो. इसरार मन्सूरी एवं एसडीओपी कोतमा श्रीमती आरती शाक्य के मार्गदर्शन मेंघटित गंभीर अपराध पर बिजुरी पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही की गई है। 19 अगस्त को बिजुरी पुलिस को थाना क्षेत्र के वार्ड क्र. 06 में गोली चलने की सूचना प्राप्त हुई थी। सूचना तस्दीक पर फरियादी अफरोज अली निवासी वार्ड क्र. 06 माईनस कालोनी बिजुरी द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि उसकी बिरयानी की दुकान के पास आरोपी कृष केवट आया और उसके छोटे भाई सरफराज उर्फ बाबू को बुलाया और अपने पास रखी अवैध पिस्टल दिखाया पिस्टल दिखाने के दौरान आरोपी की लापरवाही के कारण गोली चल गई जो आहत सरफराज उर्फ बाबू को लगी जिससे उसके बांए जांघ में और दाहिने जांघ में चोट लगी है जिसे इलाज हेतु मनेन्द्रगढ छ.ग. में अस्पताल में भर्ती किया गया है रिपोर्ट पर थाना बिजुरी में अपराध क्र. 257/25 धारा 125 बीएनएस, 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत पंजीबद्ध कर अनुसंधान में लिया गया। प्रकरण सदर की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए तत्काल टीम बनाकर बिजुरी पुलिस द्वारा अनुंसंधान किया गया और आरोपी कृष केवट को पुलिस अभिरक्षा में लिया गया। पूछताछ में आरोपी ने जुर्म स्वीकार किया और घटना में प्रयुक्त देशी पिस्तौल और 01 जिन्दा कारतूस बरामद कराया। आरोपी कृष केवट के विरुद्ध थाना बिजुरी में पूर्व में भी अपराध क्र. 172/24, 92/25 धारा 296, 115 (2), 351 (2) बीएनएस के पंजीबद्ध है। इस प्रकार शातिर अपराधी को बिजुरी पुलिस द्वारा घटना के 6 घंटे के भीतर पुलिस अभिरक्षा में लिया गया साक्ष्य संकलन कर आरोपी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जाता है। उक्त कार्यवाही में निरीक्षक विकास सिंह, उपनिरीक्षक विपुल शुक्ला, सहायक उपनिरीक्षक प्रभाकर पटेल, उदय प्रजापति, प्रदीप अग्निहोत्री, प्रधान आरक्षक सतीष मिश्रा, आरक्षक रामनिवास गुर्जर, सुनील यादव, विश्वजीत मिश्रा, लक्ष्मण डांगी, चालक आरक्षक करमजीत सिंह की उल्लेखनीय भूमिका रही।

## डर्टी पॉलिटिक्स का शिकार हुआ पानी टंकी

### पानी पर सियासत से आक्रोश, धरने पर प्रभावितजन

**हरिभूमि न्यूज कोतमा।** नगर पालिका अंतर्गत वार्ड क्रमांक 10, 11 एवं 12 के वार्ड वासियों के लिए जल समस्या को दूर करने के लिए कॉलेज तिराहा के पास बनाई जा रही पानी टंकी पर 2 माह से रोक लगाई जाने के विरोध स्वरूप बुधवार को सूर्य की किरणे निकलने से पहले ही वार्ड पार्षद नोहर सिंह, देवशरण सिंह, अर्पण सिंह, दीपक पटेल सहित नागरिकों द्वारा कॉलेज तिराहा पहुंच प्रदर्शन करते हुए धरने पर बैठ गए। प्रदर्शन की सूचना पर राजस्व अधिकारी तहसीलदार, नगर पालिका अध्यक्ष अजय सराफ, कोतमा अनुविभाग पुलिस आरती शाक्य एवं कॉलरी प्रबंधन के मैनेजर स्थल पहुंचकर बातचीत किया जाने लगा। नपा अध्यक्ष अजय सराफ का कहना है कि 2 माह के अंदर पूरे वार्ड में पाइप लाइन बिछाते हुए कॉलेज के सामने निर्मित टंकी से जल वितरण कराया जाएगा। नोहर सिंह, अर्पण सिंह, देवशरण सिंह ने बताया कि भीषण जल संकट से जूझ रहे वार्ड वासियों के लिए लगभग 3 करोड़ की लागत से 2 लाख 50 हजार लीटर पानी टंकी का निर्माण कार्य किया जा रहा था जिस पर आधे निर्माण के बाद नाटकीय रूप से



गोफ़ एरिया कहते हुए रोक लगी दी गई। जिससे वार्ड की महिलाओं में भारी आक्रोश व्याप्त है। नगर पालिका द्वारा जारी टेंडर पर ठेकेदार के द्वारा 2 माह तक निर्माण कार्य करते हुए जमीन से 15 फीट ऊपर तक का निर्माण कर डाला गया। गोफ़ होने एवं सुरक्षा का हवाला देते हुए कार्य पर रोक लगाया जाना लोगों के समझ से परे है। जल समस्या से परेशान वार्ड पार्षद एवं नागरिकों द्वारा जिला कलेक्टर, एसडीएम, नगर पालिका अध्यक्ष व सीएमओ को पत्राचार निर्माण शुरू करने की मांग की गई थी। सुबह 5 बजे से धरने पर बैठे नागरिकों की मांग थी कि जबतक जिम्मेदार अधिकारियों के द्वारा जनहित में पानी टंकी निर्माण कराए जाने का आश्वासन नहीं दिया जाता तब तक विरोध जारी रहेगा। एक ओर नपा द्वारा गोफ़ एरिया होना बता रही है वही दूसरी वही आस पास कई शासकीय एवं निजी शिक्षण संस्थान सहित छात्रावास एवं स्कूल भी बनाया जा रहा है। दबी जुबान लोग डर्टी पॉलिटिक्स के स्वार्थी तत्वों द्वारा विकास कार्य प्रभावित करने की साजिश बता रहे हैं।

### इनका कहना है

गोफ़ एरिया की बात सामने आने पर कार्य रोक जांच कराई जा रही है। पाइप लाइन बिछाई जा रही है जल्द ही वार्डवासियों को पानी मिलने लगेगा।

**अजय सराफ, अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद कोतमा**



### श्रमजीवी पत्रकार परिषद के प्रदेश सहसचिव नियुक्त हुये कमलेश मिश्रा

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** राष्ट्रीय श्रमजीवी पत्रकार परिषद के राष्ट्रीय संयोजक नलिन कांत वाजपेयी, राष्ट्रीय अध्यक्ष परमानंद तिवारी की अनुमति एवं राष्ट्रीय मुख्य महासचिव रजत गुप्ता, प्रदेश अध्यक्ष राजेश दुबे की स्वीकृति तथा प्रदेश उपाध्यक्ष व संभाग प्रभारी राजेश शुक्ला की अनुशंसा पर प्रदेश मुख्य महासचिव विलोक पाठक ने श्रमजीवी पत्रकार परिषद प्रदेश इकाई में कमलेश मिश्रा को प्रदेश सह सचिव नियुक्त किया है। इनकी नियुक्ति तत्काल प्रभाव से लागू मानी जायेगी।

## पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी की जयंती पर कांग्रेस सेवादल की बैठक संपन्न



**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी की जयंती पर अनूपपुर जिला कांग्रेस सेवादल के पदाधिकारियों की बैठक जिला कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन अनूपपुर में संपन्न हुई जिसमें राजीव गांधी के छायाचित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित कर उनके व्यक्तित्वों पर प्रकाश डाला गया उनके अधूरे सपने को पूरा करने का संकल्प लिया गया इस पर गोष्ठी आयोजित की गई सर्वधर्म प्रार्थना सभा भी आयोजित हुआ। तत्पश्चात अनूपपुर जिला कांग्रेस में आए बदलाव नवाचार पर चर्चा हुई 21 अगस्त को नवनियुक्त जिला कांग्रेस अध्यक्ष गुड्डू चौहान के अनूपपुर के प्रथम आगमन पर आयोजित कार्यक्रम में सेवा दल पदाधिकारियों को भी शामिल होने को कहा गया वहीं सेवादल को मजबूत बनाने के लिए नए पदाधिकारी की नियुक्ति कर जवाबदेही सौपी गई। आगामी माह में सेवा दल का प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित किए जाने के लिए तैयारी करने एवं मार्गदर्शन दिया गया। जिला पंचायत अध्यक्ष प्रीति रमेश सिंह ने मुख्य अतिथि की आसंदी से बोलते हुए राजीव गांधी को कम्प्यूटर क्रांति का जनक बताया वही 21वीं सदी से में आर्थिक संपन्न राष्ट्र बनाने उदारवादी नेता बताया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अध्यक्ष रमेश सिंह ने किया उन्होंने कहा कि राजीव गांधी का सपना था कि हमारा राष्ट्र संपन्न राष्ट्र बने आर्थिक रूप से संपन्न रहे सॉफ्टवेयर एवं हार्डवेयर को लेकर कंप्यूटर क्रांति की शुरुआत भी राजीव गांधी ने की उन्ही के आदर्शों पर चलकर राष्ट्र निर्माण में सहभागी बनने की शपथ सेवा दल कार्यकर्ताओं को दिलाया राजनीतिक सामाजिक उत्तरदायित्व को धरातल पर ले जाकर जन-जन तक कांग्रेस कार्यकर्ता बनाने प्रशिक्षण कार्यक्रम को कराए जाने पर भी जोर दिया। कार्यक्रम में पुष्पराजगढ़ विधायक फुन्देलाल सिंह मार्को भोपाल प्रवास पर होने से वर्चुअल मोबाइल के माध्यम से सभा को संबोधित कर राजीव गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम को जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष नारायण सिंह मुन्ना पिछड़ा वर्ग अध्यक्ष रजन राठौर महामंत्री बाबा खान प्रदीप मिश्रा सेवादल मीडिया प्रभारी विवेक यादव भूरा यादव राम सजीवन गौतम दोमल सिंह संपत लाल रुक्मिणी देवी प्रेमवती पासी संतोष मिश्रा रीता मिश्रा जगदीश सिंह पुरुषोत्तम कनौजिया संतोष राठौड़ गंगाराम मोहन लाल नजीर खान संतोष सिंह आदि ने सभा को संबोधित किया वहीं सत्येंद्र दुबे आशीष त्रिपाठी वासुदेव चटर्जी दीपक शुक्ला राजेश महरा रामदास विश्वकर्मा राम सिंह संतोष सिंह छोटे सिंह डॉ रवि प्रकाश आदि सेवादल के पदाधिकारी जिला के विभिन्न क्षेत्रों से आकर सम्मिलित हुए कार्यक्रम सेवादल के प्रदेश प्रशिक्षक डॉक्टर एहसान अली अंसारी के कुशल मार्गदर्शन एवं संचालन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत वंदे मातरम से और समापन राष्ट्रगान से हुआ। अंत में कांग्रेस परिवार के दिवंगत सदस्यों की आत्मा की शांति के लिए एवं राजीव जी के सम्मान में 2 मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

## समाचार प्रकाशन के बाद पत्रकार आदर्श दुबे पर मानहानि का प्रयास

### पुलिस अधीक्षक तक पहुंची शिकायत, कार्यवाही का मिला आश्वासन

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** पत्रकार आदर्श दुबे की व्यक्तिगत, सामाजिक और पत्रकारिता की प्रतिष्ठा को ठेस पहुँचाने का मामला सामने आया है। आदर्श दुबे की ओर से पुलिस अधीक्षक को लिखित आवेदन सौंपा गया। इसमें कहा गया है कि प्रथम गुप्ता उर्फ ओम गुप्ता जो इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय का छात्र है, जिसने सोशल मीडिया पर झूठी और द्वेषपूर्ण पोस्ट कर पत्रकार की छवि धूमिल करने का प्रयास किया। जानकारी के अनुसार गौरतलब है कि यही छात्र एबीवीपी हमले का आरोपी भी है। यह स्पष्ट होता है कि उसने यह कार्य समाचार पढ़ने के बाद किया, लेकिन बड़ा सवाल यह है कि एक छात्र के पास किसी व्यक्ति की जमानत कॉपी आखिर कैसे पहुँची? इसके पीछे कौन मास्टरमाइंड है? और क्या यह यूनिवर्सिटी के काले करतूतों में शामिल लोगों की मिलीभगत का हिस्सा है? इसी संदेह को आधार बनाते हुए अखिल भारतीय पत्रकार कल्याण संघ की मध्य प्रदेश इकाई एवं जिला इकाई ने मांग की है कि इस पूरे मामले की सूक्ष्म जांच की जाए। विशेष रूप से यह पता लगाया जाए कि इस छात्र के पीछे कौन से सिपह-सलाहकार सक्रिय हैं और साइबर हमले व मानहानि के इस प्रकरण की इस छात्र के साथ वास्तविक साजिश किसने रची। पुलिस अधीक्षक ने मामले की गंभीरता को समझते हुए शीघ्र कार्यवाही का आश्वासन दिया। पत्रकारों ने कहा कि हम सदैव एकजुट रहकर ऐसे मानहानिकारक कृत्यों का विरोध करेंगे और पत्रकारों की सुरक्षा व सम्मान के लिए संघर्षरत रहेंगे। देखना है कि पुलिस और प्रशासन इस पूरे मामले की गहराई से जांच कर आरोपियों और उनके छिपे सलाहकारों पर कब तक कड़ी कार्रवाई करते हैं।

## अमरकंटक में धुंध और कोहरे से जनजीवन प्रभावित



**हरिभूमि न्यूज अमरकंटक।** अमरकंटक में इन दिनों घना कोहरा और धुंध छाया हुआ है, जिससे आम जनजीवन प्रभावित हो रहा है। विजिबिलिटी (दृश्यता) कम होने के कारण वाहन चालकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। खासकर विद्यालय आने-जाने वाले छात्र और बाहर से पहुंचने वाले पर्यटक एवं श्रद्धालु अधिक प्रभावित हो रहे हैं। धुंध की वजह से समय पर स्कूल पहुँचना कठिन हो रहा है। पर्यटक और श्रद्धालुः अमरकंटक घूमने आए लोग धुंध और बारिश के कारण असुविधा झेल रहे हैं। वाहन चालकः दृश्यता कम होने से वाहन चलाना बेहद मुश्किल हो रहा है और दुर्घटना का खतरा बढ़ गया है। स्थानीय प्रशासन ने आमजनों से अपील करते हुये कहा कि सावधानी पूर्वक वाहन चलाएं। प्रशासन ने सभी वाहन चालकों और पर्यटकों को सतर्क रहने की सलाह दी है। प्रशासन ने चेताया है कि कम स्पीड से गाड़ी चलाकर दुर्घटनाओं से बचा जा सकता है।

## काम के बहाने बहलाकर ले जाने वाले आरोपी की जमानत निरस्त




**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** लोक अभियोजक पुष्पेन्द्र कुमार मिश्रा द्वारा बताया गया कि पीडिता अपनी सहेली के साथ रेल्वे स्टेशन के पास गयी थी जहॉ पर उसके जान पहचान का आरोपी मिला और उसको काम दिलावाने के बहाने अपने साथ ट्रेन में ले कर गया जहॉ पर आरोपी ने पीडिता को नर्सरी मे रखा और उसके साथ जबरजस्ती उसकी इच्छा के विरूद्व बलात्कार किया और किसी को न बताने की धमकी दिया। आरोपी बलात्कार करने के बाद वहॉ से भाग गया पीडिता लौटकर आयी और घटना के बारे में अपने परिजनो को सूचना दी। फरियादी की शिकायत के आधार पर थाना कोतमा में अपराध किया गया। थाना कोतमा द्वारा आरोपी मो0 जाहिद खान को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। मामले में आरोपी मो0 जाहिद खान की ओर से सत्र न्यायाधीश नरेन्द्र पटेल के न्यायालय में जमानत पर छोड़े जाने हेतु याचिका दायर की गई थी, जिस पर सुनवाई करते हुए और शासन की और पैरवी कर रहे लोक अभियोजक पुष्पेन्द्र कुमार मिश्रा द्वारा रखे गए तर्कों और बहस एवं मामले की गम्भीरता एवं परिस्थितियों को देखते हुए आरोपी की जमानत याचिका को निरस्त दिया गया।

## बजरंग दल ने मनाया अखंड भारत दिवस

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** 19 अगस्त मंगलवार को इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्व विद्यालय अमरकंटक में विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल द्वारा अखंड भारत संकल्प दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता की मूर्ति के समक्ष दीप प्रज्वलित कर भारत माता के जय घोष के साथ मंचासीन अतिथियों द्वारा किया गया। मंच पर उपस्थित सभी अतिथियों को बजरंग दल विभाग संयोजक जय सिंह तोमर व जिला संयोजक अक्षय सिंह बघेल द्वारा श्रीफल और अंग वस्त्र भेंट कर स्वागत किया गया। शुरुआत में विश्व हिंदू परिषद शहडोल विभाग के विभाग मंत्री बालमीक जायसवाल द्वारा अखंड भारत संकल्प दिवस कार्यक्रम संक्षिप्त परिचय करते हुए कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि के रूप में मंच पर विराजमान जगतगुरु स्वामी राजेश्वर



रामानंदचार्य मौली सरकार जी के द्वारा अखंड भारत के संकल्प दिवस पर प्रेरणा युक्त कविता एवं गीत के साथ युवाओं में देश प्रेम का भाव जागृत किया गया व मुख्य अतिथि पं.धनेश द्विवेदी (प्रधान पुजारी मां नर्मदा उद्गम मंदिर अमरकंटक) के आशीर्वचन के साथ कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे विश्वविद्यालय के प्रोफेसर डॉक्टर तरुण ठाकुर द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों एवं छात्र छात्राओं को विश्वविद्यालय के इस अखंड भारत कार्यकम में उपस्थित होने पर मंच से स्वागत किया गया। कार्यक्रम का संचालन रोशन पुरी जी द्वारा किया गया। नरेंद्र मरावी केंद्रीय जनजातीय सुरक्षा मंच केंद्रीय संयोजक द्वारा बताया गया कि किस प्रकार षडयंत्र पूर्वक देश में विश्व विद्यालय के चारों साइड गांव में धर्मांतरण का चल खेल खेला जा रहा है। लव जिहाद मतांतरण नशाखोरी का अड्डा बन चुका है जिसे युवाओं को सतर्क रहने की जरूरत है। मुख्य वक्ता गंगा राजू पांडे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के (मध्य प्रदेश छत्तीसगढ़) के क्षेत्र शारीरिक प्रमुख ने विस्तार से बताया कि किस प्रकार भारत वर्ष आर्यावर्त धीरे धीरे खंडित होता गया और अंग्रेजों ने षड्यंत्र कर फूट डालो शासन करो की नीति अपनाते हुए पूरे भारतवर्ष में प्रशासनिक पकड़ कायम करते हुए देश के सत्ता को हड़प लिया।